

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-12 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 15 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

### विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति सम्मान समारोह 2026 हर्षोउल्लास के साथ३ सम्पन्न

# नर्मदापुरम और विचित्र कुमार सिन्हा जी का एक गहरा रिश्ता : श्रीमति माया नारोलिया








**भोपाल (संदीप पंडा)।** विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति सम्मान समारोह दिनांक 14 फरवरी 2026 को राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि कैसे पीढ़ी दर पीढ़ी इस परम्परा को चलाते हुए समिति ने विचित्र कुमार सिन्हा जी के जीवन के अतुल्य योगदानों को अभी भी जारी रखा है। समाज में आगे बढ़ते हुए विचित्र कुमार सिन्हा जी के आदर्शों को अमर करने की इस प्रक्रिया में जितने भी सम्मानित विभूतियां है उनके योगदानों को मैं नमन करता हूं, उन्होंने कहा अलग-अलग विधाओं में सम्मानित विभूतियों का योगदान विचित्र कुमार सिन्हा जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। समारोह में विशिष्ट अतिथि श्रीमति माया नारोलिया ने कहा कि कैसे विचित्र कुमार सिंह जी ने अपने जीवन में संघर्ष किया एवं चार बार नर्मदापुरम की जेल में रहते हुए कितनी यातनाएं झेली। विचित्र कुमार सिन्हा जी के जीवन का स्मरण करते हुए श्रीमति नारोलिया ने कहा कि कैसे नर्मदापुरम का और विचित्र कुमार सिन्हा जी का एक गहरा रिश्ता है और आज उन्हीं के योगदान की वजह से समाज में बेहतर आदर्श निर्धारित हो रहे हैं, समिति ने 30 साल तक जिन-जिन लोगों का सम्मान किया वह श्रेष्ठ एवं समाज रत्न थे। इस वर्ष की सम्मान सूची पढक़र श्रीमति माया नारोलिया ने समिति की भूरी भूरी प्रशंसा कर सम्मानित विभूतियों को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं सिन्हा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना श्रीमति श्रद्धा गुप्ता ने प्रस्तुत की। तो वहीं देश-प्रदेश के जाने माने कवि, गीतकार व सहित्यकार श्री ऋषि श्रृंगारी जी ने स्व. विचित्र कुमार सिन्हा जी के जीवन पर आधारित गीत का वाचन किया। संस्था के सचिव के.के.सक्सेना एवं संपादक दैनिक क्षितिज किरण द्वारा अतिथियों को माल्यापर्ण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्रमशः शौर्य सम्मान ग्रुप केप्टन स्वर्गीय श्री वरू ण सिंह जी, समाजसेवी सम्मान से गुरूदेव श्री सुदेश शांडिल्य जी, कर्मठ राजनैतिज्ञ सम्मान श्री भगवानदास सबनानी जी, साहित्यसेवी सम्मान श्री दिनेश मालवीय जी, पत्रकारिता सम्मान श्री पंकज श्रीवास्तव जी, पत्रछायाकार सम्मान-श्री अनिल दीक्षित जी, गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति सम्मान कुशल प्रशासक श्री एस.एन. मिश्रा, विजयगुप्ता स्मृति सम्मान श्री अशोक पांडे, रविंद्र पंड्या स्मृति जनसंचार सेवी सम्मान-श्री अशोक मनवानी को प्रदान किया गया। आमंत्रित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सांस्कृतिक सचिव श्री विलक्षण सक्सेना ने किया। इस अवसर पर सम्मानित विभूतियों के जीवन परिचय संबधी फोल्डर का विमोचन माननीय अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री अजय गुप्ता, जी.एस. वाधवा अपर संचालक जनसम्पर्क, अनिल वशिष्ठ सहायक जनसंपर्क, सुरेश गुप्ता, महेश सक्सेना, चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्री गोविंद गोयल, पूर्व अध्यक्ष तेजकुल सिंह पाली, हिन्दु उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष कैलाश बेगवानी, महेश सक्सेना, जे.पी. धनोपिया, ललित जैन, राजेन्द्र धनोतिया, भुवनेश पटेल, इंजी. के.के. सक्सेना, मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, जी.एस. जोहरी, राजेश नारायण श्रीवास्तव, आई.पी.एस. अमित सक्सेना, आई.व्ही. शास्त्री, मनीष श्रीवास्त, सी.के. सिसोदिया, एस.के. जडिया, ब्रज किशोर वर्मा, के.पी. राही, दीपक मेहता, प्रदीप जैन गुड्ढ, विजय जुनेजा, ओ.पी. कठहल , अशोक मेहता, मंजू मेहता, नेहा बग्गा सुधीर तिवारी, राजेश जी, प्रभात जैन, गोपाल मुखरईया, गिरजेश सक्सेना, सुभाष अग्रवाल, निलेश जैमिनी, ब्रजेन्द्र तिवारी, मधु सूदन मंगोत्रा, अनिल भारती, व्ही.पी. श्रीवास्तव, मनोहर लाल वंजानी,शिखा छिब्बर, गट्टानी जी, के.के. मिश्रा, कैलाश मिश्रा पूर्व अध्यक्ष न.नि. भोपाल, देवेन्द्र दीपक गौरी शंकर गौरीश, राजेन्द्र शर्मा, ईशनारायण शर्मा, अजीत श्रीवास्तव, आनन्द तारण, वात्सायन जैन, प्रहलाद अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, उमेश राव घोलप, ऋतुकांत सक्सेना, शशिकांत सक्सेना, जी.के. छिब्बर, श्रीमती उषा जायसवाल, बलराम शर्मा, शैलेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, अजय निगम, विजय श्रीवास्तव, राजेश कुलश्रेष्ठ, दुर्गेश परमार, निर्भय मीणा, राजेश मोहोनियाँ, संदीप पंडा, अनुराग मालवीय, अभिषेक मिश्रा, सहित नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार गण समाजसेवी बृद्धिजीवी उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष सैय्यद साजि़द अली एवं सचिव के.के. सक्सेना ने स्वजनों एवं अतिथियों व सम्मानित विभूतियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में वन्दे मातरम् गीत एवं राष्ट्रीयगान किया गया।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर बम की धमकी से हड़कंप, फ्लाइट खाली कराई गई

नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की कोलकाता से शिलांग जाने वाली उड़ान में बम होने की आशंका से जुड़ा नोट मिला। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट 6ई-7304



सुबह करीब 9:15 बजे कोलकाता से रवाना होने वाली थी। बोर्डिंग के दौरान विमान के शौचालय में क्रू सदस्य को एक हस्तलिखित पर्ची मिली, जिसमें विमान के अंदर बम होने की बात लिखी थी। यह जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गई। एहतियात के तौर पर सभी यात्रियों को तुरंत विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद विमान को एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां मानक सुरक्षा प्रक्रिया (एसओपी) के तहत व्यापक जांच शुरू कर दी गई।एयरपोर्ट निदेशक के अनुसार, यात्रियों और विमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी सावधानियां बरती जा रही हैं।

## बहनों को प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूहों से जोड़ना और मेहनत की सही कीमत देना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक से जारी किए 1836 करोड़ रुपए





भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनें मध्यप्रदेश की लक्ष्मी हैं, अन्नपूर्णा हैं, उनके लिए जितना करें, उतना कम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सदैव नारी कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। सनातन संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोपरि है। महा शिवरात्रि के पावन पर्व से पहले प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1500 रुपए सम्मान राशि की अद्भुत सौगात मिल रही है। बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में हमारी प्राथमिकता है कि बहनों को प्रशिक्षण मिले, उन्हें स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाए और मेहनत की सही कीमत मिले। बहनें एक बगिया मां के नाम योजना और स्व-सहायता समूहों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। हमारी बहनें लखपति दीदी के साथ अब ड्रोन दीदी भी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 5 लाख स्व-सहायता समूह के माध्यम से अब तक 62 लाख बहनें आत्मनिर्भर हुई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को खंडवा जिले के पंधाना में लाड़ली बहनों को योजना की 33वीं किस्त की सौगात देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित किए। इस योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा कर प्रदेश के कल्याण के लिए उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर खंडवा के चहुंमुखी विकास के लिए 608 करोड़ रुपए से अधिक के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसमें 255 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 353.82 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडवा जिले में 301 करोड़ लागत की निर्मित भाम सिंचाई परियोजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयोगशाला और पंधाना के नवीन शासकीय सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ भी किया।

### मुंबई में बड़ा हादसा

## मुलुंड में भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का हिस्सा, मलबे में दबीं गाड़ियां

मुंबई(आरएनएस)। मुंबई के उत्तर-पूर्वी इलाके मुलुंड में शनिवार दोपहर एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एलबीएस (LBS) रोड पर निर्माणाधीन मेट्रो रेल के पिलर का एक सीमेंट स्लैब अचानक टूटकर सड़क पर गिर गया। इस भारी मलबे की चपेट में आकर कई गाड़ियां दब गई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस खौफनाक हादसे में करीब चार लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है।यह घटना जॉनसन एंड जॉनसन फैक्ट्री के ठीक सामने दोपहर करीब 12:20 बजे हुई। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान मेट्रो पिलर का एक बड़ा हिस्सा अचानक नीचे से गुजर रहे एक ऑटोरिक्शा पर आ गिरा। इस हादसे में वह थ्री-व्हीलर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त ऑटोरिक्शा में सवार तीन से चार लोग इसकी चपेट में आकर घायल हुए हैं।

## रिटायरमेंट के 20 साल तक किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे नौकरशाह




## दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट में भारत की लंबी छलांग, इन 56 देशों में वीजा फ्री ट्रैवल का मौका

नई दिल्ली (आरएनएस)। हेनली एण्ड पार्टनर द्वारा जारी 2026 की ताज़ा हेनली पासपोर्ट इंडेक्स रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय पासपोर्ट 2025 में 85वें स्थान पर था, जो 2026 में 10 स्थान की छलांग लगाकर 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

हालांकि रैंकिंग में सुधार हुआ है, लेकिन वीजा-फ्री एंट्री देने वाले देशों की संख्या में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय नागरिक अब 56 देशों में वीजा-फ्री प्रवेश कर सकते हैं। जनवरी 2026 में यह संख्या 55 थी, जबकि 2025 में भारतीय पासपोर्ट धारकों को 57 देशों में वीजा-फ्री एंट्री प्राप्त थी। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2026 में भारतीय पासपोर्ट 80वें स्थान पर था, जो एक महीने के भीतर पांच स्थान सुधरकर 75वें स्थान पर पहुंच गया।हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 227 ट्रैवल डेस्टिनेशन के संदर्भ में 199 पासपोर्टों की रैंकिंग जारी करता है। यह रैंकिंग इस आधार पर तैयार की जाती है कि संबंधित पासपोर्ट धारक बिना पूर्व वीजा के कितने देशों की यात्रा कर सकते हैं।

## कई राज्यों में चुनाव से पहले आक्रामक दिख रहे राहुल गांधी, संसद से सड़क तक मोदी सरकार को घेरने की तैयारी

नई दिल्ली, (ए.)। बजट सत्र 2026 के पहले चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे के रूप में उभरे। उन्होंने सदन में करीब 50 मिनट तक प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए सरकार की नीतियों पर बिना रुके हमला बोला। राहुल की इस नई और आक्रामक शैली ने न केवल कांग्रेस सांसदों में जोश हाई है, बल्कि विपक्षी गुट (इंडिया ब्लॉक) को भी एकजुट करने का काम कर दिया है।

उनके आक्रामक रुख और मोदी सरकार को असहज करने की क्षमता से कांग्रेस सांसद खुश दिख रहे है। वे अपने नेता के पीछे एकजुट दिखे, निलंबन झेला, धरने दिए, नारे लगाए और विपक्षी दलों से तालमेल बढ़ाया, ताकि पार्टी नेतृत्व के लिए 'फोर्स मल्टीप्लायर' की भूमिका निभा सकें।

एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर राहुल गांधी संसद के बाहर भी इसी फॉर्म में रहे, तब कांग्रेस पार्टी की स्थिति बेहतर हो सकती है, लेकिन दुर्भाग्य से अतीत में ऐसा नहीं हुआ।



राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर इंडो-यूएस समझौते पर घुटने टेक दिए हैं। राहुल गांधी ने विरोध स्वरूप सांसदों को सुझाव दिया कि प्रदर्शन के दौरान गौतम अडानी, ट्रंप और नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाले पोस्टर लगाए जाएं, ताकि यह स्थापित किया जा सके कि केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट के साथ सांठगांठ है।

वहीं शुक्रवार को राहुल गांधी ने किसान नेताओं के साथ अहम बैठक की। हालांकि इसमें से कई कांग्रेस के किसान विंग से जुड़े थे, लेकिन इसका संदेश साफ था- राहुल खुद को किसान समर्थक और सरकार को किसान विरोधी के रूप में दिखाना चाहते है।

## ट्रेड डील से किसानों, डेयरी उत्पादकों या ग्रामीण रोजगारों को नुकसान नहीं

नई दिल्ली,(ए.)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर आश्वासन दिया है कि भारत और अमेरिका का नया व्यापार समझौता भारत के किसानों, डेयरी उत्पादकों या ग्रामीण रोजगारों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे किसानों के साथ फर्जी बातचीत करके झूठ फैला रहे हैं। गोयल ने कहा कि ये सब स्क्रिप्टेड है और किसानों के हितों को मोदी सरकार ने पूरी तरह सुरक्षित रखा है। उन्होंने कहा कि सोया मील और मक्का पर कोई छूट नहीं दी गई है, इसलिए किसानों को कोई नुकसान नहीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेब और अखरोट पर भी उन्होंने कहा कि राहुल के वीडियो में कुछ लोग कह रहे हैं कि आयात से किसान बर्बाद हो जाएंगे, लेकिन गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय भी बहुत आयात होता था, फिर अब क्यों झूठ बोल रहे हो। पीएम मोदी हमेशा किसानों के साथ हैं, कई स्कीम्स लाए हैं जैसे आत्मनिर्भर भारत, किसान सुरक्षित, देश विकसित।

केंद्रीय मंत्री ने ट्रेड डील समझौते पर पहले भी ये जानकारी दी है कि इस डील से दोनों ही देशों को फायदा होगा।



# बुरहानपुर में होगी एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता करेंगे सुनिश्चित

## बुरहानपुर में बनेगा मिनी एयरपोर्ट, शाहपुर को बनाएंगे नगर पालिका,

भोपाल(निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबको साथ और विश्वास में लेकर हम ऐसे नये मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे, जहां विकास केवल अवसर नहीं, यहां के हरेक नागरिक का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बुरहानपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 696 करोड़ 37 लाख रुपये लागत के 80 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर बुरहानपुर जिले के समग्र विकास को नई गति दी। उन्होंने कहा कि आज जिन कार्यों की सौगातें मिली हैं, ये जिले को आधुनिक, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर में नर्मदेश्वर अखंड शिवलिंग की पूजा-अर्चना की।

**हमारा प्रण, विकास का प्रकाश पहुंचे प्रदेश के हर कोने तक**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। विकास का प्रकाश प्रदेश के हर कोने, हर गली-मोहल्ले तक पहुंचे, इसी मूल संकल्प के साथ हमारी सरकार सबको साथ और विश्वास में लेकर आगे बढ़ रही है। सरकार अधोसंरचनात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देकर प्रदेश के विकास की गति में निरंतर तेज़ी ला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुरहानपुर का विकास हमारी प्राथमिकता में है। हमने इस जिले को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है, जिले की जनता की भागीदारी से हम इसे सिद्ध करेंगे, आने वाला समय इसका साक्षी बनेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के नेहरू स्टेडियम में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों की 2 वर्ष की उपलब्धियों और भावी विकास योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।




## मप्र में रात दो बजे 11 आईएएस और 4 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 11 और राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इसमें कई अहम विभागों के प्रमुख बदले गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार की रात दो बजे आदेश जारी किया है।जारी आदेश के मुताबिक, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को वन विभाग से हटाकर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा भोपाल गैस त्रासदी विभाग का दायित्व सौंपा गया है। उनके पास पहले से मौजूद पर्यावरण विभाग भी यथावत रहेगा, साथ ही उन्हें खाद्य सुरक्षा आयुक्त की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। वहीं प्रमुख सचिव संदीप यादव को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से हटाकर वन विभाग का प्रमुख बनाया गया है। उन्हें प्रवासी भारतीय विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।इसी तरह 2009 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष सिंह को जनसम्पर्क आयुक्त बनाया गया है। इससे पहले वे यह दायित्व निभा चुके हैं। मनीष सिंह फिलहाल परिवहन विभाग और जेल विभाग में सचिव भी जिम्मेदारी हैं। वे ये दोनों जिम्मेदारी पहले ही तरह निभाते रहेंगे। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम और इंटर स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी का अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास रहेगा। वहीं, अब तक जनसंपर्क विभाग संभाल रहे दीपक कुमार सक्सेना को आबकारी आयुक्त नियुक्त किया गया है। सक्सेना चार महीने इस पद पर रहे। इससे पहले वे जबलपुर जिले के कलेक्टर रहे हैं।

## राजधानी समेत पूरे प्रदेश में अब खुले रहेंगे 24 घंटे माल

**- विधानसभा में बजट सत्र में मंजूरी के लिए आ सकता प्रस्ताव**

*भोपाल(ए.)। राजधानी समेत पूरे प्रदेश में 24 घंटे मॉल, रेस्टारेंट, आईटी सेक्टर, प्रमुख बाजार, बिजनेस सेंटर खुले रहेंगे। इसे नाइट कल्चर कहा जाता है, जिसे लेकर श्रम विभाग ने प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेज दिया है। ये प्रस्ताव विधानसभा के बजट सत्र में मंजूरी के लिए आ सकता है।कैट के एमपी अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने बताया कि अगर इस प्रस्ताव को अगर मंजूरी मिल जाती है, तो मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था अब 24 घंटे दौडने़ लगेगी। साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। पता चला है कि पहले दौर की चर्चा में सैद्धांतिक सहमति भी बन गई है। कैट इसका स्वागत करता है। इस प्रस्ताव के फैसले के बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना के बाद मध्यप्रदेश सातवां राज्य बन जाएगा।*



## गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध मौत के बाद बवाल, देर रात गर्ल्स हॉस्टल पहुंची पुलिस, वारंट को लेकर टकराव

भोपाल, (ए)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा रोशनी कलैश की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। शुक्रवार दोपहर परिजन और मेडिकल छात्रों ने कोहेफिजा थाना का घेराव कर जांच में ढिलाई का आरोप लगाया था। इसके कुछ घंटे बाद ही रात करीब 11:30 बजे पुलिस पूछताछ के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल डी-ब्लॉक पहुंच गई।छात्रों का आरोप है कि पुलिस बिना वारंट और लिखित आदेश के हॉस्टल में दाखिल हुई। इसे लेकर मेडिकल स्टूडेंट्स और पुलिस के बीच बहस शुरू हो गई, जो रात करीब 2 बजे तक चलती रही। घटना के वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें छात्र पुलिस से लिखित अनुमति दिखाने की मांग करते नजर आ रहे हैं। मौके पर मौजूद एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित ने कहा कि पुलिस को हर बार अलग से परमिशन की जरूरत नहीं होती। बाद में उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यक अनुमति उनके पास है। हालांकि छात्रों ने लिखित आदेश दिखाने की मांग दोहराई। तनाव उस समय और बढ़ गया जब फर्स्ट ईयर की एक अन्य छात्रा से लंबे समय तक बयान दर्ज करने की कोशिश की। करीब एक घंटे तक अलग कमरे में बैठाकर पूछताछ की गई।

## एम.पी. ट्रांस्को मुरैना सब स्टेशन में हुआ जीवन रक्षक सी.पी.आर. प्रशिक्षण शिविर





भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं रेड क्रॉस सोसायटी व स्थानीय जिला चिकित्सालयों ,मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के जिला मुख्यालयों में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उप संभागों, सब स्टेशनों आदि में ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों'' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको एवं शासकीय जिला चिकित्सालय, मुरैना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

मुरैना स्थित 220 के.व्ही. सब स्टेशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता राजीव तोतला एवं कार्यपालन अभियंता सी.के. जैन ने कहा कि ''ट्रांस्को के प्रशिक्षित व्यक्तियों में से अपने जीवन काल में यदि कोई कर्मी किसी एक भी व्यक्ति की जान बचाने में सफल होता है तो कंपनी के लिये प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्णत: सफल होगा। इस उपयोगी कार्यशाला में कंपनी के नियमित व आउटसोर्स कार्मिकों ने बडी संख्या में सहभागिता की।

**चिकित्सा अधिकारी डॉ. व्यास ने दिया प्रशिक्षण**

मुरैना के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल व्यास एवं उनकी टीम ने सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिये उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं वीडियो की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी विषय विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास भी करें।

## नवागत आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया



भोपाल(निप्र)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनीष सिंह ने शनिवार को आयुक्त जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. माध्यम के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे परिवहन सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया।

## जनगणना में जानकारी देने से किया इंकार तो होगी कार्रवाई

**- 15-16 साल बाद जनगणना का पहला चरण 1 मई से 30 मई तक होगा**

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में 2011 के बाद 1 मई से जनगणना का काम शुरू होने जा रहा है। यह पहला मौका होगा जब पूरी जनगणना डिजीटल माध्यम से की जाएगी। आम व्यक्ति मोबइल एप पर खुद भी जनगणना से जुड़ी पूरी जानकारी दे सकता है। जनगणना के दौरान हर व्यक्ति को जनगणना से जुड़ी जानकारी देना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

15-16 साल बाद होने जा रही जनगणना में इस बार डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जाएगा। जनगणना के दौरान सरकारी कर्मचारी प्रगणक मोबाइल एप का उपयोग कर जनगणना करेंगे। जनगणना के लिए कुछ विशेष डिजिटल टूल तैयार किए गए हैं, इसमें ही प्रगणक घर-घर जाकर लोगों के परिवार और उनसे जुड़ी जानकारी जुटाएंगे। डेटा को एप के माध्यम से रियल टाइम पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

**15 अप्रैल से भर सकेंगे ऑनलाइन जानकारी**

इस बार जनगणना में आम नागरिक एप के माध्यम से जनगणना से जुड़ी तमाम जानकारी खुद ही भर सकेंगे। यह बेहद आसान होगा, इसमें एक पेज खुलेगा, जिसमें एक-एक कर पूरी जानकारी भरनी होगी और यह जानकारी अपलोड हो जाएगी। हालांकि, इसके बाद भी प्रगणक घर पहुंचेंगे और जानकारी भरे जाने की पुष्टि करेंगे। इससे प्रगणक का समय बचेगा और लोगों की सहभागिता भी इसमें होगी। जनगणना का पहला चरण 1 मई से 30 मई तक होगा, लेकिन लोगों द्वारा 15 अप्रेल से 30 अप्रेल तक अपना डाटा खुद भरा जा सकेगा।

## भोपाल में 500 किन्नरों की 'घर वापसी' का दावा, महाशिवरात्रि पर आयोजन, सुरैया नायक को खुला निमंत्रण

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में किन्नर समुदाय के भीतर चल रहे विवाद के बीच महाशिवरात्रि के अवसर पर 500 किन्नरों की 'घर वापसी' कराए जाने का दावा किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं काजल ठाकुर ने शनिवार को कहा कि ये वे किन्नर हैं, जिन्होंने पहले इस्लाम धर्म अपनाया था और अब पुन: हिंदू धर्म में लौटेंगे।यह आयोजन लालघाटी स्थित वुड गार्डन में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रस्तावित है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से किन्नर समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। साथ ही संत-महात्मा, मठाधीश और विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी।



**अर्धनारीश्वर स्वरूप से जोड़ा आयोजन**

किन्नर काजल ठाकुर ने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप का पावन पर्व है, जो स्त्री-पुरुष समभाव का प्रतीक है। इसी अवसर पर 500 किन्नरों की घर वापसी कराई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि हाल के घटनाक्रमों से समुदाय में असंतोष बढ़ा है और यह आयोजन उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि "आज एक किन्नर ने आवाज उठाई तो 500 किन्नर वापस आ रहे हैं। आगे और लोग भी लौटेंगे" ।आयोजन में हिमांगी सखी और प्रज्ञा गुरुजी के शामिल होने की भी जानकारी दी गई है। किन्नर गुरु सुरैया नायक को खुला आमंत्रणकिन्नर काजल ठाकुर ने किन्नर गुरु सुरैया नायक को सार्वजनिक रूप से आमंत्रित करते हुए कहा कि यदि वे चाहें तो इस 'घर वापसी' कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। हालांकि, इस पूरे मामले पर सुरैया नायक की ओर से फिलहाल कोई बयान सामने नहीं आया है। हालांकि इससे पहले वे धर्म परिवर्तन के आरोपों को निराधार बताते हुए इसे गद्दी और क्षेत्रीय वर्चस्व के विवाद से जुड़ा मामला बता चुकी हैं।

## सागर के डायल 112 हीरोजः संवेदनशीलता और सतर्कता से दो मासूमों को परिवार से मिलाया



भोपाल (ए.)। सागर जिले के थाना मोतीनगर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की सतर्कता, मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही ने दो मासूम बच्चियों को सुरक्षित उनके माता-पिता से मिलाया है। एक बिछड़ते परिवार को फिर से जोड़ दिया। सड़क पर लावारिस अवस्था में भटकती लगभग 1 वर्ष एवं 3 वर्ष आयु की दो बच्चियों को सुरक्षित संरक्षण में लेकर, डायल-112 टीम ने जिस धैर्य, समझदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, वह सेवा और करुणा का अनुकरणीय उदाहरण है।दिनांक 13 फरवरी 2026 को इस संबंध में राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम भोपाल को सूचना प्राप्त हुई, जिसके तत्काल बाद थाना मोतीनगर क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक अभय विनोदिया एवं पायलट अनिकेत दुबे मौके पर पहुँचकर दोनों मासूम बच्चियों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। टीम द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता, धैर्य और अपनत्व के साथ बच्चियों से संवाद किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 3 वर्षीय बच्ची ने अपने परिजन का नाम बताया। इस जानकारी के आधार पर डायल-112 टीम ने आसपास के क्षेत्र में सक्रियता से पूछताछ करते हुए परिजनों की तलाश प्रारंभ की। लगातार प्रयासों और सतर्क खोज के बाद बच्चियों के माता-पिता का पता लगाया और उन्हें तत्काल मौके पर बुलाया। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बच्चियां अपनी माता के साथ थीं, लेकिन ऑटो में पर्स छूट जाने के कारण वे उसे लेने पीछे चली गई। इसी दौरान बच्चियां ठेले वाले के पास खड़ी रहीं और मां को तलाशते हुए आगे निकल गईं, जिससे वे एक-दूसरे से बिछड़ गईं।डायल-112 जवानों ने पहचान एवं सत्यापन उपरांत दोनों बच्चियों को सुरक्षित उनके माता-पिता के सुपुर्द किया। अपनों को सकुशल पाकर परिजनों की आंखों में छलकती राहत और खुशी, डायल-112 जवानों की संवेदनशील सेवा का सबसे बड़ा प्रमाण बनी।112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना संदेश देती है कि मध्यप्रदेश पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की प्रहरी नहीं, बल्कि हर संकट में आमजन की सुरक्षा, संवेदनशीलता और भरोसे की मजबूत ढाल है।

## मोदी सरकार की अमेरिका ट्रेड डील किसानों के लिए घातक : जीतू पटवारी

भोपाल (ए.)। अमेरिका के साथ केंद्र सरकार द्वारा की गई ट्रेड डील को लेकर कांग्रेस ने तीखा विरोध जताया है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले की भितरवार विधानसभा के मोहना में शनिवार को आयोजित "किसान आक्रोश रैली" में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए जनविरोधी समझौता करार दिया। यह रैली पूर्व मंत्री लखन सिंह यादव द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिकी दबाव में समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा, "यह ट्रेड डील किसानों के गले पर तलवार रखकर की गई है। इससे उनकी फसल, मेहनत और भविष्य पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।" पटवारी ने यह भी दावा किया कि इस समझौते से देश के स्वाभिमान और किसानों के अधिकारों से समझौता किया गया है। रैली में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की नीतियां किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रही हैं और कृषि क्षेत्र को विदेशी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है।

## ज्ञान का नहीं होता कॉपीराइट : डॉ तिवारी

**- दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के समागम में भारतीय दृष्टि, मौलिक शोध और कार्यसंस्कृति पर मंथन, 25 राज्यों से शोधार्थी जुटे**

भोपाल, (ए.)। लोक संस्कृति के अध्येता और पद्मश्री डॉ कपिल तिवारी ने कहा कि हमें अपने देश का ज्ञान उसकी ही भूमि और इतिहास बोध में समझना होगा। ज्ञान कभी नया नहीं होता। सदा ज्ञान की नई अभिव्यक्ति होती है। ज्ञान का कॉपीराइट भी नहीं होता है।डॉ. तिवारी शनिवार को भोपाल के मेपकास्ट में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम-2026 में अंतिम दिन समारोप सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम औपनिवेशकों के हाँथों अपनी दृष्टि गवा चुके हैं। अपने ऋषिओं के उत्तराधिकारी भी साबित नहीं हो पा रहे हैं। औपनिवेशिकों की कृपा से हम इतिहास व्याकुल बन गए और हर चीज को इतिहास में ढूढ़ने लग गए। हमने समय के लेख को इतिहास नहीं माना है। इतिहास लेखन पश्चिम की देन है। वर्तमान में अकादमिक जगत में पश्चिम की मैथडोलॉजी पर आधारित रिसर्च हो रहे हैं, यह मैथडोलॉजी किसी काम की नहीं है। हमारे यहाँ ज्ञान ने ये सिखाया कि जीवन कैसे जिए और जीवन का विसर्जन कैसे करें। जगत में शाश्वत जैसा कुछ भी नहीं होता।क्राउड फन्डिंग से भी जुटाए फंड- स्वामी नरसिम्हानन्दकार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण मिशन, कोझिकोड के स्वामी नरसिम्हानन्द के कहा कि शोध करते समय विनम्र रहें, तकनीक का उचित प्रयोग करें। शोध को तपस्या के रूप में देखें। एपीआई स्कोर के अर्जन के रूप में न देखें। बिना श्रद्धा के कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो सकता। परिश्रम करना होगा, यथेष्ठ परिश्रम करें। आज के डिजिटल युग में क्राउड फन्डिंग के माध्यम से भी शोध के लिए फंड जुटाया जा सकता है। हम अपना शोध स्वयं बनाएंगे। हम अपना मंच स्वयं बनाएंगे। शोध का उद्देश्य डिग्री नहीं, ज्ञान होना चाहिए - प्रो. आशीष श्रीवास्तवकार्यक्रम के सातवें सत्र में वक्ता प्रो आशीष श्रीवास्तव ने भारतीय उच्च शिक्षा और शोध प्रणाली की वर्तमान स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आज देश में शोध का बड़ा हिस्सा अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है, जबकि शोध का वास्तविक लक्ष्य ज्ञान समाज के लिए योगदान होना चाहिए। लोकतंत्र में नागरिकों की सोच स्पष्ट नहीं होगी, तो न प्रगति संभव है और न ही उसे बनाए रखना।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# परमाणु विनाश का खतरा

परमाणु अस्त्रों की होड़ से बचने के लिए संधि की शुरुआत 1970 के दशक से हुई। तब से हमेशा किसी ना किसी संधि का अस्तित्व रहा। मगर अब ऐसा नहीं है। इससे परमाणु हथियारों और मिसाइलों की नई होड़ का रास्ता साफ हो गया है। पांच दशक में ऐसी स्थिति पहली बार आई है, जब दुनिया में परमाणु युद्ध का खतरा टालने की किसी संधि का अस्तित्व नहीं है। चार फरवरी को अमेरिका और रूस के बीच मौजूद न्यू स्टार्ट (स्ट्रेटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी) की अवधि समाप्त हो गई। रूस ने अमेरिका से नई संधि होने तक न्यू स्टार्ट की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने उसे नजरअंदाज कर दिया। इस तरह अमेरिका और रूस अब असीमित संख्या में परमाणु हथियारों की तैनाती के लिए स्वतंत्र हैं। 2010 में हुई न्यू स्टार्ट के तहत दोनों देशों ने अधिकतम 1550 परमाणु अस्त्रों की तैनाती की सीमा तय की थी। साथ ही प्रावधान था कि दोनों देश एक दूसरे की तैनाती के ठिकानों या अन्य परमाणु ठिकानों का निरीक्षण कर सकेंगे। इसके तहत अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों और पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती की संख्या भी तय थी। परमाणु अस्त्रों की होड़ से बचने के लिए संधि की शुरुआत 1970 के दशक से हुई। तब से हमेशा किसी ना किसी संधि का अस्तित्व रहा। मगर अब ऐसा नहीं है। इससे परमाणु हथियारों और मिसाइलों की नई होड़ का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की दलील है कि चीन उसके लिए खतरा बन कर उभर रहा है, जो उपरोक्त संधि में शामिल नहीं था। चीन का कहना है कि उसके पास मौजूद परमाणु हथियार अमेरिका और रूस से बहुत कम हैं, इसलिए उसे इस विवाद में नहीं घसीटा जाना चाहिए। एक आकलन के मुताबिक अमेरिका के पास कुल 3,700, रूस के पास 4,309 और चीन के पास लगभग 600 परमाणु हथियार हैं। इस बीच ट्रंप प्रशासन ने गोल्डेन डोम परियोजना पर काम शुरू किया है। यह मिसाइल रक्षा कार्यक्रम है। रूस और चीन का कहना है कि इसका निर्माण होने के बाद सामरिक समीकरण बदल जाएंगे। उसे देखते हुए उन्हें अपने परमाणु अस्त्रागार और मजबूत करने होंगे। दलील यह भी है कि गोल्डेन डोम न्यू स्टार्ट की भावना का उल्लंघन है। इस तरह सभी महाशक्तियों ने तर्क ढूंढ लिए हैँ, जिसके परिणास्वरूप दुनिया पर परमाणु विनाश का खतरा और सघन हो गया है।



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन में दीप प्रज्वलित किया।

# नई परतों की नई सुर्खियों में ट्रंप बैचेन

**हरिशंकर व्यास**

चाहे तो इसे पतनगामी पूंजीवाद का मकड़जाल कहें या अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का कालजयी सत्व-तत्व! मनुष्य आदिकाल से पैसे (पॉवर, अर्थ) और सेक्स (काम-भोग) की वासना में जन्म-जन्मांतर चक्र में खपा चला आ रहा है। इसी से धर्म व मोक्ष के फलसफ़े गढ़े। बावजूद इसके ताजा सुर्खियां चौंकाने वाली है। पहली बार सेक्स-पॉवर की धुरी का वैश्विक तानाबाना खुला है। आज जेफ़री एपस्टीन दुनिया का नंबर एक चर्चित चेहरा है। पहली बार अदालती दस्तावेज़ों से सत्ता, पूंजी और यौन-शोषण का इतना गहरा और पसरा नेटवर्क उभरा है।

एपस्टीन सिर्फ फ़ाइनेंसर, यौन अपराधी और मानव तस्कर नहीं था। वह उस नेटवर्क का रचयिता था, जो राष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राजकुमार, खरबपति और वैश्विक प्रभावशाली कुलीनों, एलिट की भूख का सप्लायर था। वह संपर्कों, यात्राओं और संवादों से वह सब करता हुआ था जो आमतौर पर देशों की राजधानियों में सिमटे सत्ता-दलालों का पैमाना रहा है। पहली बार मालूम हुआ कि अमेरिका यदि दुनिया को नचाता है तो अमेरिकी दलाल भी दुनिया को नचाते हैं। इनकी वह वैश्विक, बहुराष्ट्रीय मंडी है, जिससे तमाम देशों के नेताओं की भूख पूरी होती है। और यह महज़ अफ़वाह या खोजी पत्रकारिता की सनसनी नहीं है, बल्कि अदालतों और जांच एजेंसियों के दस्तावेज़ों से उद्घाटित है।

सो, एपस्टीन केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस व्यवस्था, उस भूख का प्रतीक है, जिसमें पैसा, प्रभाव और वासना एक-दूसरे को पोषित करते हैं। एपस्टीन इस तंत्र का केंद्रीय संचालक था। और वह अपराधी भी करार हुआ। जेल में ही उसने आत्महत्या की।

शुक्रवार को अमेरिका के न्यायिक विभाग ने 35 लाख से अधिक पेज और हजारों फ़ोटो और वीडियो सार्वजनिक किए। सब जेफ़री एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल के सेक्स-रैकेट नेटवर्क की जांच से जुड़े हैं। इन दस्तावेज़ों में इलेक्ट्रॉनिक संदेश, फ़्लाइट लॉग, बैंक रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। और उसके कारण अमेरिका में सर्वाधिक फ़ोकस में राष्ट्रपति ट्रंप लगातार हैं। उनके एपस्टीन के साथ रिश्तों का तानाबाना और खुला है।

शायद इसी कारण अमेरिकी न्याय विभाग ने सभी दस्तावेज़ जारी नहीं किए। उसने खुद बताया है कि और भी दस्तावेज़ फ़ाइलों में हैं, मगर उन्हें जारी नहीं किया जाएगा। यदि अमेरिका की संसद अपने कानूनी अधिकारों से जस्टिस विभाग को मजबूर नहीं करती, तो शुक्रवार के दस्तावेज़ भी सार्वजनिक नहीं होते। इसलिए आगे ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ेंगी।



जस्टिस विभाग ने ट्रंप या उन जैसी वैश्विक हस्तियों को बचाने के लिए दस्तावेज़ों के महत्वपूर्ण अंश, जैसे गवाहों के बयानों पर काली स्याही पोतकर उन्हें पब्लिक से ओझल किया।मतलब नाबालिग या कम उम्र की यौन पीड़िता ने गवाही में अपना जो बयान दर्ज कराया, उसके पूरे पेज को काली स्याही से पोत दिया। इस तरह स्याही से नाम, गवाही सब मिटा दिए गए। मतलब नेटवर्क के उजागर हुए कोई बीस-पच्चीस दलालों, सप्लायरों में किसने क्या किया और यौन-शोषण की शिकार महिलाओं ने क्या बयान दिए, सब काली स्याही में छुपाकर जस्टिस विभाग ने दस्तावेज़ जारी किए हैं।

सो, अमेरिकी कांग्रेस और खासकर डेमोक्रेट सांसदों ने न्यायिक विभाग पर आरोप लगाया है कि पहले तो उसने कानूनी समयसीमा की पालना नहीं की। फिर फ़ाइलों को पूरी और बिना काले अक्षरों (unredacted) के रूप में जारी नहीं किया, ताकि पावरफुल लोगों की पहचान दबी रहे। उस नाते कह सकते हैं कि कहानी तो अभी शुरू हुई है।

अमेरिकी मीडिया में यह बहस चली हुई है कि फ़ाइलों के सार्वजनिक किए जाने के बावजूद कितने लाख काग़ज़, फ़ोटो, वीडियो न्यायिक विभाग ने दबाए हुए हैं? कितनी सच्चाई और गवाही सामने आई है और कितनी छिपी हुई है? ईमेल दस्तावेज़ों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम बार-बार है। इन्हें ट्रंप ने डेमोक्रेट नेताओं की साज़िश कहकर ख़ारिज किया है। ताज़ा दस्तावेज़ों के हाई-प्रोफ़ाइल व्यक्तियों में बिल गेट्स, ट्रंप के वाणिज्य मंत्री, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर, इलॉन मस्क आदि कई नाम हैं। निश्चित ही ज़िक्र से यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि ये सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे थे, मगर यह भी तथ्य है कि भंडाफोड़ होने के ख़तरे के चलते ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने पहले ही पदवी छोड़ दी। एपस्टीन द्वारा प्रिंस को भेजी गई यौन शोषण की शिकार महिला ने कहा है कि उन्हें पूर्व प्रिंस के साथ सेक्स के लिए ब्रिटेन भेजा गया था। इस महिला के वकील ने एपस्टीन के वैश्विक नेटवर्क की शिकार दो सौ से ज़्यादा यौन पीड़िताओं के मामले देख रहे हैं। उन्होंने वर्जीनिया जियुफ़्रे का भी केस लड़ा, जिसका आरोप था कि सन् 2001 में, जब वह 17 साल की थीं, तब उन्हें लंदन लाया गया ताकि वह पूर्व प्रिंस की भूख पूरी कर सकें। जेफ़री एपस्टीन को सबसे पहले 2008 में फ़्लोरिडा में 14 साल की लड़की से सेक्स के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसने अपनी सज़ा जुलाई 2010 में पूरी की। बीबीसी के अनुसार, एपस्टीन ने तब कई महिलाओं को व्यावसायिक उड़ानों और अपने निजी जेट्स के ज़रिए ब्रिटेन पहुंचाया था। सो, जेफ़री एपस्टीन का कारनामा, वैश्विक नेटवर्क का ही नहीं है। इस कहानी के और भी पहलू है। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि इज़राइल की ख़ुफ़िया एजेंसी मोसाद की बदौलत एपस्टीन का साम्राज्य बना। अमेरिका में यहूदी ताक़त का वह एक प्रतिनिधि चेहरा था। इसलिए पश्चिम एशिया की क्षेत्रीय राजनीति, ईरान बनाम सऊदी अरब की भू-राजनीति से लेकर मालदीव के राष्ट्रपति द्वारा चुनाव के लिए एपस्टीन से गुहार, आदि के ऐसे असंख्य क़िस्से हैं, जिससे मालूम होता है कि दुनिया वैसे ही चलती हुई है जैसे भारत में लुटियन दिल्ली के नेटवर्क रहे है।बावजूद एपस्टीन ने सालों तक जितना बड़ा यौन तस्करी नेटवर्क चलाया है तथा वह देशों/शक्तिशाली व्यक्तियों से लगातार जुड़ा रहा, वह भूमंडलीकृत दुनिया से विकसित अजूबा था। ख़ासकर इसलिए कि वैश्विक मीडिया की सक्रियता के बावजूद कभी किसी को भनक नहीं लगी। एपस्टीन मूलतः पूंजीपति फ़ाइनेंसर था। वित्तीय करियर में उसने अमीर, शक्तिशाली और प्रसिद्ध लोगों के साथ सेक्स के ज़रिए वैश्विक सामाजिक नेटवर्क बनाया। 2008 में उसे कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन गतिविधि के लिए अदालत ने दोषी ठहराया था।

## (चिंतन-मनन) खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानकर अहंकार न करें

ईश्वर ने जब संसार की रचना की तब उसने सभी जीवों में एक समान रक्त का संचार किया। इसलिए मनुष्य हो अथवा पशु सभी के शरीर में बह रहा खून का रंग लाल है। विभिन्न योनियों की रचना भी इसलिए की ताकि मनुष्य कभी इस बात का अहंकार न करें कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है क्योंकि जीवन और मरण के चक्र में कौन कब किस योनि में जाएगा यह किसी को पता नहीं।

समानता के पीछे ईश्वर की यही इच्छा थी कि संसार में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे, लोगों में छोटे अथवा बड़े का भेद पैदा नहीं हो। लेकिन समय के साथ मनुष्य की बौद्धिक क्षमता बढ़ती गयी किन्तु व्यवहारिक ज्ञान का लोप होता चला गया। मनुष्य ईश्वर की इच्छा को समझ नहीं पाया और आपस में भेद-भाव करने लगा। शास्त्रों में लिखा है कि जो ईश्वर की इच्छा का सम्मान नहीं करता है ईश्वर उससे नाराज होते हैं परिणामस्वरूप व्यक्ति का पतन हो जाता है।

एक कथा इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। महाभारत युद्ध के बाद काफी समय तक पांचों पाण्डवों ने कुशलता पूर्वक शासन करते हुए राज सुख का आनंद लिया। इसके बाद अपने उत्तराधिकारी को शासन का कार्य भार सौंप कर सभी ने सशरीर स्वर्ग की ओर प्रस्थान करने की योजना बनायी। निश्चित समय पर द्रौपदी समेत पांचों पाण्डव स्वर्ग की यात्रा पर निकल पड़े। मार्ग में उन्हें एक काला कुत्ता मिला। कुत्ता भी इनके पीछे-पीछे चल पड़ा। युधिष्ठर को छोड़कर सभी भाई एवं द्रौपदी को यह अच्छा नहीं लगा कि कुत्ता उनके साथ सशरीर स्वर्ग प्राप्त करे।

# सेल बड़ी छलांग की ओर : बेहतर वित्तीय सूझबूझ से 200 लाख टन बिक्री का तय किया नया लक्ष्य

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भविष्य के लिए एक नई और मजबूत योजना पर काम कर रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारना और बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना है। सेल का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने ऋण को कम करना है। इससे कंपनी के पास भविष्य के बड़े निवेशों के लिए ज्यादा पैसा और आजादी होगी। कंपनी अपनी उत्पादन लागत को कम करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान दे रही है ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके। सेल अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि देश में स्टील की बढ़ती मांग का फायदा उठाया जा सके। कंपनी ने अपनी इस तरक्की को मापने के लिए एक लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है।

वित्तीय सूझबुझ और दूरदर्शिता की यह गूंज वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी सुनाई दी, जहां निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि ऋण में कटौती काफी महत्वपूर्ण रही है, जिसमें अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान ?5,000 करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। पिछले साल 31 दिसंबर, 2025 तक ऋण ?24,852 करोड़ था, जिसके बाद जनवरी 2026 में ?2,000 करोड़ की और कमी आई। इस अनुशासित ऋण कटौती ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं। डॉ. पंडा ने बताया, परिचालन दक्षता, इन्वेंट्री लिक्विडेशन, लागत अनुकूलन और मजबूत ट्रेजरी प्रबंधन इत्यादि ने मिलकर बेहतर वित्तीय प्रबंधन को संभव बनाया है।

कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की नौ महीने की अवधि (अप्रैल25 - दिसंबर25) में बिक्री की मात्रा में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रयास ने अप्रैल 25 - जनवरी 26 के बीच कुल बिक्री को 16.6 मिलियन टन तक पहुँचा दिया, साथ ही महत्वपूर्ण इन्वेंट्री परिसमापन को भी सक्षम बनाया। सेल ने इन-प्रोसेस और तैयार स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई।

कंपनी लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। सालाना मैनपावर में कमी से प्रति टन कार्मिक लागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। इसके साथ ही, सेल अनुपालन की जरूरतों के साथ-साथ लागत कम करने के लिए भी अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ऊर्जा व्यय में संरचनात्मक बचत हो रही है। ये उपाय प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करते हुए कंपनी के व्यापक स्थिरता एजेंडे के साथ मेल खाते हैं।

कंपनी के भविष्य के विज़न पर सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कहा: कंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ-साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है। बढ़ती मांग, एक मजबूत कैपेक्स पाइपलाइन और स्थिरता व ग्रीन स्टील के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता के साथ, हम वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 200 लाख टन की बिक्री हासिल करने और आने वाले वर्षों में और भी ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के प्रति आश्वस्त हैं - जो आज की ताकत को कल के अवसर में बदल देगा।




मेष राशि: आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा, आपका सम्मान भी बढ़ेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाइयों को छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेलजोल बढ़ेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान और सकारात्मक महसूस करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिन्दगी में आज नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा। अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए आप नयी तकनीकों का अपनाएंगे, आपका काम अच्छा चलेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन खुशियां लायेगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे, जिससे आपको कुछ राहत मिले। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। संयम रख के काम करने से सुख मिलेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नयी दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। अन्न धन में बढ़ोतरी होगी। आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी।

तुला राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यावसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों तथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे।

मकर राशि: आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। पारिवारिक सुख-सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, गौ सेवा करने से सुख मिलेगा और सानिध्य बढ़ेगा।

कुम्भ राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

# तनाव, आतंक और अंधकार के बीच शिव का प्रकाश

**ललित गर्ग**

15 फरवरी 2026 को जब समूचा भारत महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएगा, तब यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं होगा, बल्कि आत्मजागरण का विराट अवसर होगा। महाशिवरात्रि वह रात्रि है जब साधक अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर शिवत्व के प्रकाश से उसे आलोकित करने का संकल्प लेता है। शिव केवल देवता नहीं, वे चेतना के शाश्वत आयाम हैं-महाकाल, जो समय से परे हैं, नटराज, जो सृष्टि की लय और ताल के अधिपति हैं और नीलकंठ, जो विष को पीकर भी अमृत का संदेश देते हैं। आज का युग विज्ञान, तकनीक और उपभोग का युग है। मानव ने अंतरिक्ष को नापा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित की, लेकिन अपने भीतर की शांति खो बैठा। तनाव, अवसाद, असंतोष, युद्ध, आतंकवाद और नैतिक विघटन की घटनाएँ विश्व को विचलित कर रही हैं। ऐसे दौर में शिव की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। शिव भक्ति कोई चमत्कारिक जादू नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक मार्ग है।

शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अत: शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन।

आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है-तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक च्ञ्ॐ नम: शिवायज्ञ् का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है। यह पंचाक्षरी मंत्र मन, प्राण और चेतना को एकाग्र करता है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि नियमित ध्यान और मंत्रजाप से तनाव कम होता है, रक्तचाप संतुलित होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। यह शिव साधना का प्रत्यक्ष प्रभाव है। शिव पुराण में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ बेला में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ। यह ज्योति केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि अनंत प्रकाश का प्रतीक है। शिवलिंग का अर्थ है-चिह्न, जो निराकार ब्रह्म का संकेत देता है। आधुनिक मनुष्य के लिए यह बोध आवश्यक है कि ईश्वर किसी सीमित रूप में बंधा नहीं है। वह ऊर्जा है, चेतना है, जो प्रत्येक कण में विद्यमान है।

आज विश्व युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहा है। हिंसा की ज्वाला में मानवता झुलस रही है। शिव का तांडव केवल विनाश नहीं, बल्कि संतुलन का नृत्य है। जब अन्याय बढ़ता है, तब परिवर्तन अनिवार्य होता है। किंतु शिव का संदेश यह भी है कि क्रोध नहीं, करुणा से परिवर्तन संभव है। वे रुद्र हैं-दु:खों का हरण करने वाले। शिव भक्ति का चमत्कार यह है कि वह मनुष्य के भीतर करुणा, सहिष्णुता और क्षमा का विकास करती है। जब व्यक्ति बदलता है, तब समाज बदलता है और जब समाज बदलता है, तब विश्व में शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिव और शक्ति का मिलन भी आधुनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह पुरुष और प्रकृति, चेतना और ऊर्जा, विचार और क्रिया का समन्वय है। आज परिवारों में विघटन, संबंधों में दूरी और जीवन में असंतुलन इसलिए है क्योंकि यह समरसता टूट रही है। शिवरात्रि हमें स्मरण कराती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है। व्रत और उपवास का आध्यात्मिक महत्व भी आज समझने योग्य है। उपवास केवल भोजन त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों का संयम है। यह आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति एक दिन के लिए भी भोगों से दूर रहता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। उपभोक्तावादी संस्कृति में यह अत्यंत आवश्यक साधना है।

शिव भक्ति का सिद्ध प्रभाव उन असंख्य भक्तों के अनुभवों में दिखाई देता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी आस्था नहीं छोड़ी। सच्चे मन से की गई प्रार्थना व्यक्ति को आंतरिक शक्ति देती है। यह शक्ति उसे संकटों से जूझने का साहस देती है। चमत्कार बाहर नहीं, भीतर घटित होता है-जब निराशा आशा में बदलती है, भय विश्वास में और अशांति शांति में। आज आवश्यकता है कि शिव को केवल मंदिरों तक सीमित न रखा जाए। वे काठ, पत्थर या मूर्ति में नहीं, बल्कि भाव में निवास करते हैं। जब हम सत्य बोलते हैं, करुणा का व्यवहार करते हैं, प्रकृति की रक्षा करते हैं, तब हम शिव की आराधना करते हैं। पर्यावरण संरक्षण भी शिव भक्ति है, क्योंकि वे कैलाशवासी योगी हैं, प्रकृति के संरक्षक हैं। जल, वायु, अग्नि और पृथ्वी के संतुलन की रक्षा करना ही शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा है।

महाशिवरात्रि 2026 हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम अपने भीतर के विष को पहचानें और उसे शिवचेतना में रूपांतरित करें। हम अपने जीवन में संयम, संतुलन और साधना को स्थान दें। हम क्रोध के स्थान पर क्षमा, अहंकार के स्थान पर विनम्रता और अशांति के स्थान पर ध्यान को अपनाएं। शिवत्व की प्राप्ति कोई दूर की वस्तु नहीं। यह हमारे भीतर ही सुप्त है। आवश्यकता केवल जागरण की है।



## दर्दनाक हादसा : शादी समारोह से लौट रहे युवकों की स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, 4 की मौत; 2 की हालत गंभीर

सोनीपत , (आरएनएस)। हरियाणा के सोनीपत में शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में स्कॉर्पियो सवार चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक रोहतक से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक युवक सुरक्षित बच गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कार से शवों और घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, सभी युवक रोहतक जिले के अलग-अलग गांवों के निवासी थे और गांव भावड़ से समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान गोलू निवासी गांव घुसकानी, अकुश पुत्र जयपाल, दीपक और साहिल पुत्र सतबीर निवासी गांव खिडवाली के रूप में हुई है। चारों की उम्र करीब 25 से 28 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इनमें गोलू विवाहित था, जबकि अन्य तीन युवक अविवाहित थे।

हादसे में अंकित पुत्र राजकिशन और सागर पुत्र दया किशन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, खानपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों की टीम उन पर लगातार नजर रखे हुए है। मोहित पुत्र अशोक (गांव खिडवाली) को मामूली चोटें आईं और वह सुरक्षित बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, सभी युवक एचआर-98 बी-9988 नंबर की काली स्कॉर्पियो में सवार थे। हादसा घडवाल से भावड़ रोड पर हुआ, जहां वाहन बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। चारों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही गांव खिडवाली, घुसकानी और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा नेता की लाश पटियाला में भाखड़ा नहर से बरामद, 3 दिन पहले हुए थे लापता

पटियाला (आरएनएस)। पटियाला के वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मंगला की लाश भाखड़ा नहर से बरामद कर ली गई है। वे पिछले तीन दिनों से लापता थे। घटना पटियाला-समाना रोड पर धनेठा गांव के पास हुई, जहां गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया था।

पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अनिल मंगला मंगलवार शाम से गायब थे। उनकी तलाश में पुलिस ने भाखड़ा नहर के आसपास छापेमारी की थी। दो-तीन दिन पहले पटियाला-समाना रोड पर भाखड़ा नहर के किनारे उनका स्कूटर, जैकेट और जूते बरामद हुए थे, जिसके बाद नहर में कूदने या डूबने की आशंका जताई गई थी। भोले शंकर डाइवर क्लब के गोताखोर टीम के प्रधान शंकर भारद्वाज ने शव मिलने की पुष्टि की। डाइविंग टीमों ने लगातार सर्च अभियान चलाया, जिसमें शुक्रवार को अनिल मंगला का शव नहर से निकाला गया। पुलिस ने बताया कि शव की पहचान हो चुकी है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह आत्महत्या थी, हादसा या कोई अन्य मामला। पुलिस ने मामले में कोई संदिग्ध गतिविधि की जांच शुरू कर दी है।

## निखिल गुप्ता को अमेरिका में 24 साल की जेल, आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका में आतंकी घोषित गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई है। शुक्रवार को उन्हें दोषी ठहराए जाने के बाद अदालत ने यह सजा सुनाई। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने कहा कि यह मामला दर्शाता है कि अमेरिका अपने नागरिकों को धमकाने या नुकसान पहुंचाने के विदेशी प्रयासों के खिलाफ सतर्क है। एजेंसी के अनुसार, निखिल गुप्ता ने हत्या के लिए भुगतान की व्यवस्था करने, साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने की जिम्मेदारी स्वीकार की है।एफबीआई के असिस्टेंट डायरेक्टर रोमन रोजहावस्की ने कहा कि एक अमेरिकी नागरिक को केवल अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के कारण निशाना बनाया गया, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने समय रहते साजिश को विफल कर दिया।

# डिब्रूगढ़ के NH पर हरक्यूलस विमान से उतरे पीएम मोदी, चीन बॉर्डर के पास फाइटर जेट ने भरी उड़ान

गुवाहाटी (आरएनएस)। डिब्रूगढ़ के नेशनल हाईवे पर पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। इस दौरान वह स्वयं भारतीय वायुसेना के लॉकहीड सी-130 हरक्यूलस विमान से हाईवे पर उतरे।

उद्घाटन के अवसर पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टरों ने इसी हवाई पट्टी से उड़ान भरकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। डिब्रूगढ़ से भारत-चीन सीमा, यानी अरुणाचल प्रदेश में मैकमोहन लाइन/एलएसी की दूरी लगभग 250 से 300 किलोमीटर है, जिससे इस सुविधा का सामरिक महत्व और बढ़ जाता है।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिसवा सरमा ने बताया कि मोरान आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षण चरण से लेकर सफल संचालन तक यह परियोजना कनेक्टिविटी और रणनीतिक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम है।मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा तैयारियों को सुदृढ़ करने






और बुनियादी ढांचे के विकास का श्रेय प्रधानमंत्री को देते हुए कहा कि मोरान ईएलएफ के माध्यम से भारतीय वायुसेना के विमान आवश्यकता पड़ने पर यहां से परिचालन कर सकेंगे और असम इस रणनीतिक पहल में योगदान देकर गौरवान्वित है।राष्ट्रीय राजमार्ग 127 के डिब्रूगढ़-मोरान खंड पर 4.2 किलोमीटर लंबे प्रबलित कंक्रीट हिस्से को भारतीय वायुसेना के समन्वय से दोहरे उपयोग वाली हवाई पट्टी के रूप में विकसित किया गया है।

यह पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली राजमार्ग हवाई पट्टी है, जो आपात स्थितियों और रणनीतिक आवश्यकताओं के दौरान लड़ाकू जेट, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टरों के संचालन में सक्षम होगी।अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री असम में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मोरान कार्यक्रम के बाद वे गुवाहाटी पहुंचेंगे, जहां उन्होंने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का निरीक्षण करेंगे।इसके अलावा, अमीनगांव में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटा केंद्र का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री Indian Institute of Management Guwahati का उद्घाटन और पीएम-ईबस सेवा योजना के तहत 225 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दौरे के समापन के बाद वे नई दिल्ली लौट जाएंगे।

## तेज हवाओं से एनसीआर की हवा साफ, कई इलाकों का एक्यूआई येलो और ऑरेंज जोन में; अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी



नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पिछले कुछ दिनों से चल रही तेज हवाओं का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया है और अधिकांश इलाके येलो (मध्यम) तथा ऑरेंज (खराब) जोन में पहुंच गए हैं। प्रदूषण के स्तर में आई इस गिरावट से लोगों को काफी राहत मिली है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक्यूआई 253, लोनी में 267, संजय नगर में 192 और वसुंधरा में 250 दर्ज किया गया। वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 222, सेक्टर-62 में 177, सेक्टर-1 में 192 और सेक्टर-116 में 206 रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के कई इलाकों में भी वायु गुणवत्ता ऑरेंज जोन में रही। अलीपुर में एक्यूआई 235, आनंद विहार में 265, अशोक विहार में 240, बवाना में 244, बुराड़ी क्रॉसिंग में 205, चांदनी चौक में 225, सीआरआरआई मथुरा रोड पर 203, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 209 और डीटीयू में 207 दर्ज किया गया। हालांकि आया नगर में एक्यूआई 153 रहा, जो येलो जोन (मध्यम श्रेणी) में आता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण प्रदूषक कण वातावरण में ज्यादा देर तक नहीं ठहर पा रहे हैं, जिससे एक्यूआई में सुधार हुआ है। हालांकि कई इलाकों में सूचकांक अभी भी 200 के आसपास बना हुआ है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित नहीं माना जाता।



लखनऊ के गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ.

# जिन्न का डर दिखा तांत्रिक ने महिलाओं को बनाया हवस का शिकार, आठ लोगों को उतारा मौत के घाट



पश्चिमी दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम विहार ईस्ट थाना क्षेत्र के पीरागढ़ी इलाके में कार से तीन शव मिलने के सनसनीखेज मामले में हर दिन नए और चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी झाड़-फूंक करने वाला कमरुद्दीन न सिर्फ हत्या बल्कि महिलाओं के साथ शोषण और अंतरराज्यीय ठगी नेटवर्क चलाने का भी दोषी पाया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान सहित कई राज्यों में 'जिन्न से मिलाने' और 'धनवर्षा' का झांसा देकर परिवारों को अपना शिकार बनाता था। वह विशेष रूप से परिवार की किसी लंबी और सुंदर महिला को जिन्न द्वारा चुने जाने की बात कहकर उसे कमरे में अकेले ले जाता था और इस दौरान शारीरिक शोषण करता था। आरोपी महिलाओं को यह कहकर डराता था कि जिन्न अदृश्य रूप में संपर्क करेगा और यदि किसी को बताया या अनुष्ठान पूरा नहीं किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### मोबाइल फोरेंसिक जांच में चौंकाने वाले सबूत

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा के अनुसार, मृतक महिला लक्ष्मी के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच में कई महिलाओं और युवतियों की संदिग्ध तस्वीरें मिली हैं। इन तस्वीरों में महिलाएं झाड़-फूंक की प्रक्रिया के दौरान खुले बालों के साथ बैठी नजर आ रही हैं और उनके हाथों में निजी जानकारी वाले कागज हैं। इससे आरोपी के बड़े नेटवर्क और कई पीड़ितों के शिकार बनने की आशंका जताई जा रही है।

### 8 हत्याओं का आरोपी ने किया कबूलनामा

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी कमरुद्दीन ने अब तक आठ लोगों की हत्या करने की बात कबूल की है। इनमें पीरागढ़ी का ताजा मामला, उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद और राजस्थान के मामले भी शामिल हैं। पुलिस आरोपी के अन्य राज्यों में फैले नेटवर्क की जांच के लिए संबंधित राज्यों की पुलिस से संपर्क में है। आरोपी फिलहाल पांच दिन की पुलिस रिमांड पर है।

### लड्डू में मिलाया गया था सल्फास और नींद की गोलियां

जांच में सामने आया है कि पीरागढ़ी मामले में मृतकों रणधीर, शिव नरेश और लक्ष्मी को दिए गए लड्डू में सल्फास (एल्युमीनियम फॉस्फेट) और भारी मात्रा में नींद की गोलियां मिलाई गई थीं। सल्फास एक प्रतिबंधित कीटनाशक है, जिसका उपयोग केवल विशेष अनुमति से किया जा सकता है।

## एक्टर विजय की रैली में फिर हुआ हादसा, भाषण के दौरान शख्स की हार्ट अटैक से मौत



नई दिल्ली (आरएनएस)। तमिलनाडु के सलेम में उस वक्त मातम पसर गया, जब अभिनेता से नेता बने और तमिझागा वेत्री कड़गम (TVK) के प्रमुख विजय की रैली के दौरान एक व्यक्ति की दुखद मौत हो गई। सलेम पुलिस के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि रैली के दौरान भीड़ में मौजूद एक शख्स को दिल का दौरा (Heart Attack) पड़ा था, जिसके चलते उसकी जान चली गई। यह घटना तब हुई जब एक्टर विजय मंच से जनसभा को संबोधित कर रहे थे।पुलिस के मुताबिक, मृतक सलेम के सेव्वैपट्टाई इलाके का रहने वाला था। वह पेशे से एक मजदूर था और चांदी से जुड़े काम करता था। जानकारी के अनुसार, वह विजय का समर्थक था और जनसभा में एक दर्शक के तौर पर शामिल होने आया था। भाषण सुनने के दौरान वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और एक बच्चा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

सलेम की इस घटना ने एक बार फिर विजय की रैलियों में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि इससे कुछ महीने पहले एक्टर विजय की करूर में आयोजित रैली के दौरान भी बड़ा हादसा हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय मची भगदड़ में करीब 40 लोगों की जान चली गई थी। अब सलेम में हुई इस मौत ने फिर से उस त्रासदी की याद दिला दी है।

विजय का विवादित बयान- 'पैसे दूसरों से लो, वोट सीटी को दो'

## दलित विरोधी कांग्रेस' के खिलाफ आप ने पंजाब भर में किए विरोध प्रदर्शन, प्रताप बाजवा ने मंत्री ईटीओ पर की थी जातिवादी टिप्पणी

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने शुक्रवार को कांग्रेसी नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के खिलाफ की गई शर्मनाक, जातिवादी और अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में पूरे राज्य में जोरदार प्रदर्शन किए। पार्टी ने कहा कि यह सिर्फ एक मंत्री का ही नहीं, बल्कि समूचे दलित समुदाय और अपनी रोजी-रोटी इज्जत से कमाने वाले मेहनतकश लोगों और मजदूरों का अपमान है।

इन प्रदर्शनों में 'आप' नेताओं, मंत्रियों, विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने दलित-विरोधी कांग्रेस मुर्दाबाद और बाजवा मुर्दाबाद के नारे लगाए और मांग की कि बाजवा और कांग्रेस नेतृत्व दलित समुदाय और सभी मेहनतकश लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने दावा किया कि कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता एक बार फिर पंजाब के लोगों के सामने बेनकाब हो गई है। पन्नू ने चेतावनी दी कि पार्टी राज्य में 1किसी को भी दलितों को नीचा दिखाने या श्रमिक वर्ग के लोगों की इज्जत को ठेस पहुंचाने की इजाजत नहीं देगी।बलतेज पन्नू ने कहा कि बाजवा की भाषा कांग्रेस पार्टी की दलितों के प्रति गहरी नफरत और हाशिए पर पड़े समुदायों को राजनीतिक अहंकार के कारण अपमानित करने के पुराने इतिहास को साफ दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जहां 'आप' शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याण में विश्वास रखती है, वहीं बाजवा जैसे कांग्रेसी नेता अभी भी उसी सामंती और जातिवादी मानसिकता में फंसे हुए हैं जिसे पंजाब बार-बार नकार चुका है।

बलतेज पन्नू ने कहा कि बाजवा की टिप्पणी पंजाब के उन मेहनतकश लोगों का भी सीधा अपमान है, खासकर बैंड-बाजा बजाने वाले कलाकारों, दिहाड़ीदार मजदूरों और अन्य कलाकारों का, जो शादियों, धार्मिक समारोहों और सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान अथक मेहनत करते हैं।

## होली पर वैष्णो देवी कटरा से दिल्ली और वाराणसी के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, जानें क्या होगी टाइमिंग और रूट्स



नई दिल्ली (ए.) । उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन संख्या 04081/04082 नई दिल्ली और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलेगी, जबकि ट्रेन संख्या 04603/04604 वाराणसी और कटड़ा के बीच संचालित की जाएगी। Special trains will run from Vaishno Devi Katra to New Delhi and Varanasi on Holi. Know the timings and routes. रेलवे के मुताबिक, ट्रेन संख्या 04081, 21 फरवरी से 8 मार्च तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रात 11:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू और उधमपुर स्टेशनों पर ठहरेगी।वापसी में यही ट्रेन 04082 के रूप में 22 फरवरी से 9 मार्च तक कटड़ा से नई दिल्ली के लिए चलेगी। यह रात 9:20 बजे कटड़ा से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी मार्ग में भी यह पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू और उधमपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस सेवा से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब के यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी और वे होली के अवसर पर माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए सुगमता से यात्रा कर सकेंगे।

इसी क्रम में ट्रेन संख्या 04603, 24 फरवरी से 8 मार्च के बीच चार फेरे लगाते हुए वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए संचालित होगी। यह सुबह 5 बजे वाराणसी से रवाना होकर अगले दिन सुबह 6 बजे कटरा पहुंचेगी। मार्ग में यह प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू और उधमपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04604, 22 फरवरी से 6 मार्च तक चार फेरे के साथ कटरा से वाराणसी के लिए चलेगी। यह शाम 6:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 7 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी मार्ग में यह जम्मू, उधमपुर, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और प्रतापगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन स्पेशल ट्रेनों का उद्देश्य त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ को कम करना और यात्रियों को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है, क्योंकि नियमित ट्रेनों में इस अवधि में भारी भीड़ रहती है।

## एनीकेट का गेट चोरी कर ले जा रहे नाबालिग समेत दो चोर गिरफ्तार

*उत्तर बस्तर(आरएनएस)। जिले के थाना नरहरपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र के ग्राम ग्राम बनसागर में बने एनीकेट के लोहे गेट को चोरी करने वाले एक नाबालिग समेत दो चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गेट उखाड़कर अपनी बाईक में रखकर ले जा रहे थ, और पकड़े गये।*

*मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुंजाम पिता कांशी राम कुंजाम उम्र 35 वर्ष निवासी बनसागर थाना नरहरपुर ने थाना में आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.02.2026 को रात्रि के लगभग 90 बजे प्रार्थी के ग्राम बनसागर नकटी नदी में बने डेम के फाटक को दो व्यक्ति अपने मोटर सायकल सीजी 05 डब्ल्यू 6046 में चोरी कर किशनपुरी से आंखीहर्रा रोड होते हुए नरहरपुर की ओर ले जा रहे थे। जिसकी रिपोर्ट पर थाना नरहरपुर में धारा 303(2),3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था तथा थाना नरहरपुर से टीम गठित कर विवेचना कार्यवाही दौरान आरोपी अजीत कुमार कल्लों पिता बलिराम कल्लो उम्र 21 वर्ष एवं नाबालिग बालक दोनों निवासी बतबनी थाना नरहरपुर को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपराध घटित करना कबुल करने पर दिनांक 13.02.2026 को गिरफ्तार कर विधिवत् कार्यवाही कर उक्त आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया।*

## ग्लैमर का दूसरा नाम एक्ट्रेस निधि अग्रवाल, अदाएं देखकर फैंस हुए दीवाने, शेयर की ये खूबसूरत फोटोज !



अभिनेत्री निधि अग्रवाल अपने ग्लैमरस अंदाज़ और खूबसूरती को लेकर लगातार चर्चा में बनी रहती हैं. मूवी 'मुन्ना माइकल' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली निधि अग्रवाल आज इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में शुमार हैं.टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई थी. निधि अग्रवाल सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट्स और वीडियोज़ फैंस के साथ साझा करती रहती हैं.उनकी हर पोस्ट इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती है और फैंस उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ करते हैं. यही वजह है कि वह लाखों लोगों की क्रश बन चुकी हैं.हाल ही में निधि अग्रवाल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना नया फोटोशूट शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है.इस फोटोशूट में निधि बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए अलग-अलग पोज़ देते देखा जा सकता है. ऑफ-व्हाइट बैकलेस ड्रेस में निधि का लुक काफी आकर्षक लग रहा है.खुले बाल और स्टाइलिश ईयररिंग्स उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं. उनके चेहरे की मासूमियत और सादगी भरी अदाएं फैंस को खासा पसंद आ रही हैं.निधि अग्रवाल का यह लेटेस्ट फोटोशूट एक बार फिर साबित करता है कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, बल्कि स्टाइल और फैशन के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं. फैंस अब उनकी आने वाली फिल्मों और नए प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.

### श्री विष्णु की खोजी थ्रिलर फिल्म मृथ्युंजय की रिलीज डेट से उठा पर्दा, 27 फरवरी को विश्व स्तर पर होगी रिलीज

मनोरंजन जगत के बादशाह  विष्णु, जो विविध प्रकार की पटकथाओं के चयन के लिए जाने जाते हैं, वर्तमान में हुसैन शाह किरण द्वारा निर्देशित एक जासूसी थ्रिलर फिल्म मृत्युंजय पर काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संदीप गुणम और विनय चिलाकापति ने लाइटबॉक्स मीडिया और पिक्कर परफेक्ट एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है। फिल्म का प्रस्तुतीकरण राम्या गुणम कर रही हैं। ब्लॉकबस्टर फिल्म समाजावरगमना के बाद, रीबा जॉन इस फिल्म में श्री विष्णु के साथ मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही हैं।फिल्म निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख की घोषणा की। मृथ्युंजय 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में श्री विष्णु अखबारों से भरी सड़क पर खड़े नजर आ रहे हैं। इस दिलचस्प दृश्य ने फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ा दी है। उचित प्रचार और रोमांचक कहानी के साथ, मृथ्युंजय दर्शकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# दो दीवाने सहर में के निर्देशक से लिफ्ट में मिली थीं मृणाल ठाकुर, अभिनेत्री ने बताया मुलाकात का पूरा किस्सा



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ सालों से अपनी मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाती आई हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। उनकी यह नई फिल्म दर्शकों के बीच रोमांस से भरी कहानी लेकर आने वाली है। इस बीच उन्होंने फिल्म के निर्देशक रवि उदयवार से पहली मुलाकात के अनुभव को साझा किया।

मृणाल ठाकुर ने कहा, मेरी पहली मुलाकात रवि सर से उनके नए घर की लिफ्ट में हुई थी। मजेदार बात यह है कि मेरी मां ने उन्हें पहचान लिया था, जबकि मैंने उन्हें पहले देखा ही नहीं था। मेरी मां ने कहा, ओह माय गॉड, मुझे आपकी फिल्म मॉम बहुत पसंद आई थी।  दो दीवाने सहर में में शामिल होने के फैसले को लेकर मृणाल ने आगे कहा, मैंने रवि सर को कहा था कि मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं और उनके साथ काम करना चाहती हूं। इस पर रवि सर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि जल्द ही बातचीत करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद, उनका मेरे पास मैसेज आया। मैं उस समय दुबई जाने वाली थी, इसलिए मेरे पास ज्यादा समय नहीं था। उन्होंने बताया, मैंने कहानी का छोटा सा हिस्सा सुना और फिर कुछ दिनों बाद सीधे रवि सर के ऑफिस पहुंच गई, जहां मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई गई।

पूरी कहानी सुनते ही मैं फिल्म में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हो गई और मैंने कहा, चलो इसे करते हैं। अप्रैल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई थी। दो दीवाने सहर में एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें मृणाल के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी भी मुख्य भूमिका में हैं, और यह फिल्म जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शन्स के सहयोग से बनाई जा रही है। निर्माताओं में संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह और उमेश कुमार बंसल शामिल हैं। फिल्म 20 फरवरी को रिलीज होगी।

## रोमांटिक ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सन्नी 2 की रिलीज डेट आउट, दिखा अविनाश तिवारी और मेधा शंकर का रोमांटिक अंदाज




अविनाश तिवारी और मेधा शंकर बहुत जल्द फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 में साथ आने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर इसी नाम से आई मूवी का सीक्वल है जिसमें यामी गौतम और विक्रांत मैसी नजर आए थे।अब इसका सीक्वल थिएटर में रिलीज किया जाएगा जिसमें कॉमेडी और ड्रामा का भरपूर डोज देखने को मिलेगा। अब इस मूवी का पोस्टर और रिलीज डेट भी सामने आ गए हैं। पोस्टर में अविनाश तिवारी पुश अप कर रहे हैं जबकि मेधा शंकर उनकी पीठ पर बैठी हुई हैं। मेधा शंकर को आपने विक्रांत मैसी के आथ 12वीं फेल में देखा होगा।बेहतरीन बॉडी वाले अविनाश तिवारी का रोल फिल्म में रफ एंड टफ हो सकता है जबकि पिंक कलर की साढ़ी में मेधा काफी खूबसूरत लगीं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- गिन्नी और सनी वापस आ गए हैं!रिश्ता फिक्स है बस इस बार थोड़ा सा ट्विस्ट है! फिल्म 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, नयनी दीक्षित, विश्वनाथ चटर्जी, रोहित चौधरी और गिन्नी वेड्स सनी जैसे कई प्रतिभाशाली सपोर्टिंग कलाकार भी नजर आएंगे। जी स्टूडियोज और साउंड्रिया प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, गिन्नी वेड्स सनी 2 का निर्माण विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने किया है। प्रशांत झा ने इसे लिखा और डायरेक्ट किया है।

## 21वें दिन भी 'बॉर्डर 2' ने दिखाया दम, खूब छापे नोट, अब तोड़ेगी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म का रिकॉर्ड

सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को गुरुवार, 12 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं. ये फिल्म 23 जनवरी को रिलीज़ हुई थी तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफ़िस पर सक्सेसफुली कमाई कर रही है. वहीं



अनुराग सिंह के डायरेक्शन में बनी यह वॉर ड्रामा पहले ही साल 2026 की बॉलीवुड की पहली बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई है. इसने अपनी इमोशनल कहानी और ओरिजिनल फ़िल्म से मज़बूत नॉस्टैल्जिक कनेक्शन के साथ दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचा है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं 'बॉर्डर 2' ने रिलीज के तीसरे गुरुवार यानी 21वें दिन कितनी कमाई की है?

बॉर्डर फ्रैंचाइज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, सीक्वल 'बॉर्डर 2' से न केवल सनी देओल ने दमदार अवतार में बड़े पर्दे पर कमबैक किया है, बल्कि वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी को जोड़कर कलाकारों की टीम को भी बढ़ाया है. 'बॉर्डर 2' का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोला और 30 करोड़ से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 224.25 करोड़ की धुआंधार कमाई कर डाली. इसके बाद दूसरे हफ्ते में इसने 68.72 फीसदी की गिरावट के बाद 70.15 करोड़ कमाए.

फिल्म की तीसरे हफ्ते की कमाई की बात करें तो इसने 15वें दिन 2.85 करोड़, 16वें दिन 5.25 करोड़, 17वें दिन 7.25 करोड़, 18वें दिन 2 करोड़, 19वें दिन 2.5 करोड़ और 20वें दिन 1.75 करोड़ का कलेक्शन किया.

वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बॉर्डर 2' ने रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे गुरुवार को 1.75 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 21 दिनों की कुल कमाई अब 317.75 करोड़ रुपये हो गई है.

### धुरंधर 2 और टॉक्सिक के बाद रामचरण की फिल्म ने भी की रिलीज से पहले ताबड़तोड़ कमाई, पेड्डी के राइट्स की हुई करोड़ों में डील

धुरंधर 2 और टॉक्सिक दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले से ही क्रेज काफी ज्यादा है. दोनों ही फिल्मों की रिलीज डेट 19 मार्च है और इन फिल्मों ने अभी से ही ताबड़तोड़ कमाई करना शुरू कर दिया है. इन्हीं फिल्मों के नक्शे कदम पर रामचरण की आगामी फिल्म पेड्डी भी चलने लगी है. रामचरण की इस फिल्म ने भी रिलीज से पहले ही अपनी कमाई शुरू कर दी है. वो कैसे? आइये आपको आगे बताते हैं.

सैकनिक के मुताबिक लेटेस्ट ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के ओवरसीज थिट्रिकल राइट्स 40 से 42 करोड़ रुपये में बिक चुके हैं, ये तेलुगू फिल्म की सबसे बड़ी डील बताई जा रही है. ये डील दर्शाती है कि डिस्ट्रिब्यूटर्स का फिल्म के बॉक्स ऑफिस पोटेंशियल पर कितना भरोसा है. खासकर अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुख्य विदेशी बाजारों में, जहां राम चरण के अच्छे खासे फैंस हैं.ट्रैक टॉलीवुड के अनुसार, अकेले अमेरिका में ही फिल्म का ब्रेक-ईवन लगभग 6.5 मिलियन डॉलर होने का अंदाजा लगाया जा रहा है, जबकि विदेशों में कुल ब्रेक-ईवन 9 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है. फिल्म को लेकर क्रेज ही इतना ज्यादा है कि ये डील तो तय ही थी. रामचरण के स्टारपावर को देखते हुए ये फिल्म करोड़ों की कमाई बॉक्स ऑफिस पर भी कर सकती है.

## तापसी पन्नू की फिल्म अस्सी का नया गाना मन हवा रिलीज, सच और संकल्प की दिखाती है नई परिभाषा




अभिनेत्री तापसी पन्नू की आगामी फिल्म अस्सी जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक कोर्ट ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है।  फिल्म के निर्माताओं ने नया गाना मन हवा रिलीज कर दिया। यह गाना दिल को छूने वाला और जोश भरने वाला है, जो फिल्म की तेज-तर्रार जांच और कोर्ट ड्रामा की भावना को बखूबी से पेश करता है। फिल्म में मुश्किल सवाल उठाने की हिम्मत और सच के लिए लड़ने की ताकत को यह गाना अच्छे से बयां करता है। सॉन्ग मन हवा को मोहित चौहान, परंपरा टंडन और रोचक कोहली ने मिलकर गाया है और रोचक कोहली ने इसका संगीत तैयार किया है। यह गाना डर के बजाय हिम्मत, चुप्पी के बजाय सच और समझौते के बजाय पक्के इरादे को चुनने की बात करता है। यह धीरे-धीरे दिल को सुकून देता है और अंदर से ताकत जगाता है, ताकि मुश्किल हालात में भी खुद के लिए और अपने विश्वास के लिए लड़ सको। गाने को लेकर मोहिक चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा, मुझे ऐसे गाने पसंद हैं जो कोई कहानी सुनाते हैं और कुछ कहने की ताकत रखते हैं। गाना मन हव शुरू से ही मुझे ईमानदार लगा और इसे रिकॉर्ड करते समय, मैंने गाने को फील किया और कहानी को खुल के जीने दिया। थप्पड़ और मुल्क जैसी फिल्में देने के बाद एक बार फिर अनुभव सिन्हा ने कोर्ट ड्रामा फिल्म अस्सी का निर्देशन किया है।

गाने को लेकर अनुभव का कहना है कि यह गाना इस फिल्म की भावनात्मक धड़कन है। उन्होंने कहा, मन हवा सिर्फ गाना नहीं बल्कि, पूरी फिल्म की धड़कन है। एक ऐसी कहानी में जो सच्चाइयों को चुनौती देती है और मुश्किलों का सामना करती है, यह ट्रैक बोलने, उठने और सभी मुश्किलों के सामने मजबूती से खड़े होने की हिम्मत को दिखाता है। यह उस ताकत का जश्न मनाता है जो हमारे अंदर मौजूद होती है और जब हम ईमानदारी और मजबूती के साथ दुनिया का सामना करने का फैसला करते हैं।

अनुभव सिन्हा की इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा, कानी कुसृति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब, नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक, और सीमा पाहवा समेत कई कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज कर रहा है। फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आलू के चिप्स सेहत के लिए होते हैं नुकसानदायक, इनकी जगह बनाकर खाएं ये सेहतमंद चिप्स



चिप्स एक ऐसा नाश्ता है, जिसे हर उम्र के लोग पसंद करते हैं। बाजार में कई तरह के चिप्स मिलते हैं, जो ज्यादातर आलू से ही बनाए जाते हैं। हालांकि, आलू में कार्बोहाइड्रेट की ज्यादा मात्रा होती है, जो सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में आप चिप्स के सेहतमंद विकल्प के रूप में ये 5 तरह के चिप्स बनाकर खा सकते हैं। इनमें आलू शामिल नहीं होता है और इनकी रेसिपी भी आसान होती है।

### अरबी के चिप्स

आलू का एक सेहतमंद विकल्प अरबी हो सकती है, जिसके चिप्स में कैलोरी काफी कम होती हैं। इसके चिप्स बनाने के लिए उन्हें पतले-पतले टुकड़ों में काटें। इसके बाद इन्हें एक बर्तन में डालकर उसमें नमक, काली मिर्च, चाट मसाला और तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इन्हें एक बेकिंग ट्रे पर फैलाकर 180 डिग्री पर 15-20 मिनट तक बेक करें। बीच-बीच में चिप्स को पलटते रहें, ताकि वे समान रूप से पक जाएं।

### कच्चे केले के चिप्स

केले के चिप्स बनाना बहुत ही आसान है और ये फायदेमंद भी होते हैं। सबसे पहले कच्चे केले को छीलकर पतले-पतले टुकड़ों में काट लें। अब इन्हें नमक और हल्दी में मिलाकर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद इन्हें गरम तेल में तलें, जब तक ये सुनहरे और कुरकुरे न हो जाएं। कच्चे केले के चिप्स का स्वाद बहुत ही अच्छा होता है और ये दक्षिण भारत में खास तौर से खाए जाते हैं।

### शकरकंद के चिप्स

शकरकंद के चिप्स भी आपके खान-पान में पोषण जोड़ सकते हैं। इसके लिए शकरकंद को छीलकर पतले-पतले टुकड़ों में काट लें। इन्हें एक बर्तन में डालें और इनमें नमक, लाल मिर्च पाउडर और थोड़ा-सा तेल मिलाएं। अब इन्हें ओवन में 180 डिग्री पर 20-25 मिनट तक बेक करें। शकरकंद के चिप्स मीठे और कुरकुरे होते हैं, जो हर किसी को पसंद आते हैं। यह बच्चों को शकरकंद खिलाने का अच्छा तरीका होगा।

### गाजर के चिप्स

गाजर के चिप्स एक अनोखा और स्वादिष्ट विकल्प हैं, जो हल्के मीठे होते हैं। इसकी रेसिपी की शुरुआत गाजर को छीलकर पतले-पतले टुकड़ों में काटने से होगी। इसके बाद इन टुकड़ों को नमक, काली मिर्च, लाल मिर्च पाउडर और अन्य मसालों से लपेटा जाएगा। अब ओवन या एयर फ्रायर में इन्हें कुछ मिनटों के लिए बेक कर लें। इससे चिप्स कुरकुरे हो जाएंगे और आपके बच्चों को खास तौर से पसंद आएंगे।

### चुकंदर के चिप्स

चुकंदर एक सेहतमंद सब्जी है, जिससे आप बेहद पौष्टिक और गुलाबी चिप्स बना सकते हैं। इसके लिए पहले चुकंदर को छील लें और पतले टुकड़ों में काट लें। अब इसमें नमक समेत अपनी पसंद के मसाले लगाकर कुछ देर के लिए रखें। इन्हें ओवन में बेक करें, एयर फ्रायर में पकाएं या फिर किसी सेहतमंद तेल में तल लें। ये चिप्स स्वाद में बेहतरीन होंगे और इसी बहाने घर के सभी लोग चुकंदर खा लेंगे।

# 50 की उम्र के बाद सभी महिलाओं को करानी चाहिए ये 5 स्वास्थ्य जांच, रहेंगी स्वस्थ



जैसे-जैसे महिलाओं की उम्र बढ़ती है, उनके शरीर में कई बदलाव आते हैं। इन बदलावों के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी जरूरी हो जाती है। 50 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए और नियमित जांच करवानी चाहिए। इससे किसी भी संभावित बीमारी का जल्दी पता चल सकता है और समय पर इलाज मिल सकता है। आइए हम आपको उन स्वास्थ्य जांचों के बारे में बताते हैं, जो महिलाओं के लिए जरूरी हैं।

### हड्डियों की जांच

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, हड्डियों की मजबूती कम होने लगती है। इससे हड्डियों के कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे उनके टूटने का खतरा रहता है और चलने-फिरने में भी परेशानी हो सकती है। इसलिए, 50 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी हड्डियों की जांच जरूर करवानी चाहिए। डॉक्टर से सलाह लेकर कैल्शियम और विटामिन-डी की खुराक भी लेनी चाहिए, ताकि हड्डियां मजबूत रहें और उनके कमजोर होने से बचाव हो सके।

### स्तन कैंसर की जांच

स्तन कैंसर महिलाओं में एक आम बीमारी बनती जा रही है, खासकर 50 साल की उम्र के बाद इसका जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए, नियमित रूप से अपने स्तनों की जांच कराना जरूरी है। इससे अगर कोई समस्या होगी तो उसका समय पर पता चल सकेगा और इलाज शुरू किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर आपको स्तनों में दर्द महसूस हो या किसी प्रकार का बदलाव दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श कर लें।

### आंखों की जांच

आंखों से जुड़ी समस्याएं भी उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती हैं। 50 की उम्र तक धुंधला दिखना, नजर कमजोर होना या आंखों में जलन जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इनसे बचाव के लिए नियमित रूप से आंखों की जांच कराना जरूरी है। इससे डॉक्टर आपकी समस्याओं का सही पता लगा सकते हैं और उचित इलाज या चश्मा सुझा सकते हैं। आंखों की देखभाल के लिए संतुलित डाइट लेना और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव करना भी अहम है।

### दिल की जांच

दिल की बीमारियां आजकल बहुत आम हो गई हैं। उच्च रक्तचाप, चर्बी का बढ़ना या दिल की धड़कनें असामान्य होना, इन सबके खतरे 50 साल की उम्र के बाद बढ़ जाते हैं। इसलिए, हर साल एक बार दिल की जांच जरूर करवानी चाहिए, ताकि किसी भी समस्या का समय पर पता चल सके और उसका इलाज किया जा सके। इसके अलावा संतुलित डाइट लेना, नियमित एक्सरसाइज करना और तनाव कम करना भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होगा।

### मधुमेह की जांच

मधुमेह एक ऐसी बीमारी है, जो धीरे-धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाती है। इसके लक्षण तुरंत दिखाई नहीं देते, इसलिए हर साल रक्त शर्करा की जांच करवानी चाहिए। इससे समय रहते इसका पता चल सकेगा और आप जल्द इलाज शुरू कर सकेंगी। इन जरूरी जांचों के जरिए महिलाएं अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकती हैं और किसी भी तरह की बीमारी से सुरक्षित रह सकती हैं। याद रखें कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी उतना ही जरूरी है, जितनी जांचें करवाना।

# अमेरिकी सांसदों ने अप्रैल में ट्रंप-शी की मुलाकात से पहले क्वाड समिट की मांग की

वॉशिंगटन (ए.)। दो वरिष्ठ अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप सरकार से अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली मीटिंग से पहले क्वाड नेताओं की समिट बुलाने की अपील की है। उनका कहना है कि इससे बीजिंग के साथ डील करने में वॉशिंगटन की पकड़ मजबूत होगी।अमेरिकी सांसद टिम केन (डी-वीए) और पीट रिकेट्स (आर-एनई) दोनों सीनेट विदेश मामलों के कमेटी के सदस्य हैं। दोनों सांसदों ने इस संबंध में मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखी, जिसमें सरकार को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान को शामिल करते हुए क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) के अगले वर्जन को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया।बता दें, इस बार क्वाड समिट की मेजबानी भारत करने वाला है। यह असल में 2025 में भारत में होने वाला था। ट्रंप समेत सभी चार देशों ने भारत क्वाड समिट में शामिल होने की प्रतिबद्धता जताई है।सीनेटरों ने लिखा, चीन के साथ जबरदस्त रणनीतिक कॉम्पिटिशन के इस अहम पल में, क्वाड लीडर्स समिट बुलाने से लीडिंग हिंद-प्रशांत लोकतंत्र के बीच एकता, पक्के इरादे और रणनीतिक तालमेल का साफ संकेत जाएगा। अप्रैल में शी जिनपिंग के साथ राष्ट्रपति ट्रंप की तय मीटिंग से पहले क्वाड समिट करना, राष्ट्रपति के बीजिंग दौरे से पहले हिंद-प्रशांत में अमेरिकी नेतृत्व का एक अहम प्रदर्शन होगा। पहले एक सफल क्वाड समिट राष्ट्रपति ट्रंप को ज्यादा फायदे की स्थिति से जुड़ने का मौका देगा। सांसदों ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप के बीजिंग दौरे से पहले होने वाली मीटिंग डिप्लोमैटिक माहौल को आकार देगी। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप की ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने में हाल की सफलताओं ने क्वाड के जरिए फिर से



मिलकर काम करने का माहौल तैयार किया है।

सांसदों ने चिट्ठी में भारत के साथ ट्रेड डील की घोषणा का भी जिक्र किया और कहा कि यह भारत और पूरे हिंद-प्रशांत में रणनीतिक और रक्षा सहयोग को काफी गहरा करने की नींव रखता है।

आम चिंताओं पर जोर देते हुए सांसदों ने लिखा, चारों क्वाड साझेदारों को एक जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सप्लाई चेन की कमजोरियां, जरूरी मिनरल्स पर रोक, आजाद और खुले हिंद-प्रशांत के लिए खतरे और नई तकनीक पर बढ़ता कॉम्पिटिशन शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा, चीन ने खास तौर पर जापान पर डिप्लोमैटिक दबाव, सैन्य धमकी और आर्थिक दबाव बढ़ाया है, जिससे इलाके की स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय नियमों को खतरा है।

सांसदों ने कहा, क्वाड इन चुनौतियों का सामना करने और ट्रंप की 2025 राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में बताए गए कई मकसदों को आगे बढ़ाने के लिए खास स्थिति में है, जिसमें पिछली सरकार की सफलताओं पर काम करना शामिल है, जिसमें सहयोगी देशों की रोकथाम को मजबूत करना, दुश्मनों पर रणनीतिक निर्भरता कम करना, तकनीकी नेतृत्व की सुरक्षा करना और नेविगेशन की आजादी को बनाए रखना शामिल है।

सांसदों ने आखिर में लिखा, हम अमेरिकी डिप्लोमेसी के इस अहम पल में क्वाड को मजबूत करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और आपसे क्वाड लीडर्स समिट और उसके बाद विदेश मंत्री और वर्किंग ग्रुप की मीटिंग आयोजित करने को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हैं। ऐसा करने से अमेरिकी नेतृत्व मजबूत होगा, हमारे सबसे करीबी साझेदार मजबूत होंगे और यह सुनिश्चित होगा कि बीजिंग के साथ भविष्य का जुड़ाव एकता, ताकत और रणनीतिक दूरदर्शिता पर आधारित हो।

उन्होंने 13 मार्च, 2026 तक क्वाड के लिए सरकार के दृष्टिकोण और प्राथमिकता पर चर्चा करने के लिए एक ब्रीफिंग का भी अनुरोध किया। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया वाला क्वाड पिछले दस सालों में हिंद-प्रशांत सुरक्षा, मजबूत सप्लाई चेन, नई तकनीक और समुद्री सहयोग पर तालमेल के लिए एक अहम प्लेटफॉर्म बन गया है।

## सत्ता परिवर्तन ही समाधान', ईरान पर ट्रंप का सख्त रुख; मिडिल ईस्ट में अमेरिकी युद्धपोतों की तैनाती बढ़ी

वॉशिंगटन (ए.)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने अपनी सैन्य मौजूदगी मजबूत करते हुए युद्धपोतों की तैनाती बढ़ा दी है। इस कदम को क्षेत्र में संभावित सैन्य टकराव की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को लेकर कड़ा बयान देते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन ही स्थिति का स्थायी समाधान हो सकता है। उत्तरी कैरोलिना स्थित फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि तेहरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है। उन्होंने संकेत दिया कि उनका प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विकल्पों पर भी विचार कर रहा है।

जब ट्रम्प से ईरान के इस्लामी नेतृत्व को सत्ता से हटाने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि यही सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कभी-कभी डर का माहौल बनाना भी जरूरी होता है, जिससे विरोधी देश पीछे हटने को मजबूर हों।

अमेरिका द्वारा मिडिल ईस्ट में युद्धपोतों की तैनाती बढ़ाने और राष्ट्रपति के इस बयान के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है, क्योंकि इस घटनाक्रम का असर वैश्विक सुरक्षा और कूटनीतिक संतुलन पर पड़ सकता है।

## अमेरिका में 22 वर्षीय भारतीय स्टूडेंट चार दिन से लापता, भारतीय कॉन्सुलेट ने जताई चिंता; तलाश जारी

वॉशिंगटन(ए.)। अमेरिका में पढ़ाई कर रहे कर्नाटक के 22 वर्षीय भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने की खबर सामने आई है। साकेत (यूसी बर्कले) से पोस्ट-ग्रेजुएशन कर रहे थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय कॉन्सुलेट जनरल ने छात्र के अचानक लापता होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। कॉन्सुलेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म x पर जारी बयान में कहा कि कर्नाटक के रहने वाले यूसी बर्कले के भारतीय पोस्ट-ग्रेजुएट छात्र साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने की सूचना गंभीर चिंता का विषय है। कॉन्सुलेट परिवार के संपर्क में है और छात्र का पता लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार समन्वय कर रहा है।

विदेश में रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। कई मामलों में छात्रों ने भेदभाव, नस्लीय हमलों और प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतें की हैं। इस संबंध में ,हृदुहृद्ध द्वारा लोकसभा में विदेशों में भारतीय छात्रों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया था। जवाब में Ministry of E&ternal Affairs (MEA) ने कहा था कि सरकार विदेशों में रहने वाले भारतीय छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या दुर्व्यवहार की घटनाओं को संबंधित देश के अधिकारियों के समक्ष तत्काल उठाया जाता है ताकि निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## पाक पीएम शहबाज ने तारिक रहमान को दी जीत की बधाई, भाई कहकर किया संबोधित

ढाका,(ए.)। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बांग्लादेश चुनाव में जीत हासिल करने वाले तारिक रहमान से शुक्रवार शाम को फोन पर बात की है। शहबाज शरीफ ने एक्स पर पोस्ट में ये जानकारी दी। शहबाज ने रहमान को भाई कहकर संबोधित किया और फोन कॉल को गर्मजोशी भरा और दोस्ताना बताया। बांग्लादेश चुनाव नतीजे के बाद तारिक रहमान और शहबाज शरीफ की यह पहली बातचीत थी। इसके पहले भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने भी तारिक रहमान को फोन करके बधाई दी थी। बांग्लादेश चुनाव में तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। तारिक रहमान का पीएम बनना तय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात में की गई पोस्ट में लिखा- आज शाम बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी के चेयरमैन, मेरे भाई मिस्टर तारिक रहमान को आम चुनावों में उनकी पार्टी की शानदार जीत के बाद हमारी गर्मजोशी भरी और दोस्ताना फोन कॉल के दौरान दिल से बधाई।

## ईरान से चरम तनाव के बीच ट्रंप का बड़ा ऐक्शन, खाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना किया अमेरिका का सबसे बड़ा युद्धपोत 'यूएसएस गेराल्ड फोर्ड'

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही तनातनी अब एक बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच गई है। दोनों देशों के बीच वार्ता जारी रहने के बावजूद तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह अपने सबसे विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर को पूरे लाव-लश्कर के साथ मध्य पूर्व के अहम क्षेत्र में भेज रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कई बार सैन्य कार्रवाई के भी स्पष्ट संकेत दिए हैं।समझौता नहीं हुआ तो पड़ेगी जरूरत- डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के सबसे बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर 'यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड' की तैनाती को लेकर पूछे गए एक



सवाल के जवाब में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया कि यह युद्धपोत कुछ ही देर में अपने मोर्चे के लिए रवाना होने वाला है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर ईरान के साथ कोई ठोस समझौता नहीं होता है, तो उस स्थिति में इसकी सख्त जरूरत पड़ेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेनेजुएला में एक सैन्य अभियान को अंजाम देने गया यूएसएस गेराल्ड फोर्ड अब वहां से सीधे फारस की खाड़ी और अरब सागर क्षेत्र की ओर कूच कर चुका है। ईरान में हाल ही में हुए भारी विरोध प्रदर्शन और उसके बाद सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई द्वारा प्रदर्शनकारियों के बर्बर दमन के बाद दोनों देशों के बीच कड़वाहट और अधिक बढ़ गई है। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान उसकी शर्तों को नहीं मानता है, तो उसे इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पिछले सप्ताह ओमान में दोनों देशों के बीच हुई अप्रत्यक्ष बातचीत में कोई खास नतीजा नहीं निकलने के बाद वाशिंगटन में काफी असंतोष है।

# खेल समाचार

# भारत-पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मैच आज, मंडराया बारिश का खतरा..अभिषेक शर्मा को लेकर ये है अपडेट

कोलंबो (ए.)। भारत और पाकिस्तान के बीच आर प्रेमदासा स्टेडियम में रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। फैंस मुकाबले को लेकर बेहद उत्साहित हैं, लेकिन बारिश परेशानी का सबब बनी हुई है। रविवार को इस हाई-इंटेंसिटी मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार को कोलंबो में बारिश की 76 प्रतिशत आशंका है। शाम के समय आसमान पर 100 प्रतिशत बादल छाए रहने पर यह आशंका घटकर 13 प्रतिशत रह जाएगी।टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कुल 8 मैच खेले गए हैं, जिसमें मेन इन ब्लू का पलड़ा भारी रहा है। टीम इंडिया ने 7 मुकाबले अपने नाम किए हैं, जबकि पाकिस्तान को साल 2021 में इकलौती जीत मिली थी। भारत ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में साल 2009 से अब तक 15 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 11 जीते और सिर्फ 4 मुकाबलों में हार मिली। भारत की टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह। सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर




जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के हाई-वोल्टेज मुकाबले में उतरेंगे। पेट में इन्फेक्शन के कारण युवा बल्लेबाज नामीबिया के विरुद्ध मुकाबले में नहीं खेल सका था। अभिषेक शर्मा को सोमवार को पेट में इन्फेक्शन के कारण नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के विरुद्ध ओपनिंग की, जिसमें 8 गेंदें खेलकर 22 रन बनाए।पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्या ने कहा, अभिषेक आगामी मैच में खेलेंगे। दबाव हमेशा बना रहता है। भारत-पाकिस्तान के साथ, यह ज्यादातर एक मौके जैसा होता है। दबाव में रहना इंसानी आदत है। हम उनके (पाकिस्तान) साथ अक्सर नहीं खेलते हैं। इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के दौरान हमेशा दबाव रहता है। इस हाई-इंटेंसिटी मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है।

## टी-20 विश्व कप 2026ः मैट रेनशॉ ने जड़ा अपना पहला अर्धशतक, टीम को मिली हार

नईदिल्ली ,(ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 के 19वें मैच में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ 65 रन की पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला ही अर्धशतक रहा, हालांकि, इस शानदार पारी के बावजूद उनकी टीम को 23 रन से हार का सामना करना पड़ा। टी-20 विश्व कप में उनके बल्ले से निकला यह पहला अर्धशतक भी रहा। ऐसे में आइए रेनशॉ की पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

रेनशॉ ने 44 गेंदों का सामना किया और 65 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 चौके और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 147.73 की रही। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल के साथ 59 गेंदों में 77 रन की साझेदारी निभाई। मैक्सवेल 32 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 1 चौका और 1 छक्का निकला। अन्य बल्लेबाजों ने रेनशॉ का साथ नहीं निभाया। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया 146 रन ही बना पाई।

## टी20 वर्ल्ड कप : अमेरिका की नीदरलैंड पर 93 रनों से शानदार जीत

चेन्नई (ए)। आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में अमेरिका ने नीदरलैंड को 93 रनों से हरा दिया. चेन्नई के एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. यूएसए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए. नीदरलैंड की टीम जीत के लिए मिले 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.5 ओवर में 103 रनों पर ऑलआउट हो गई और 93 रनों से मुकाबला हार गई.

पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने साईतेजा मुक्कामल्ला (79 रन) के अर्धशतक और शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी की बदौलत नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 196 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया.

टीम के लिए मुक्कमल्ला ने 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाए. वहीं शुभम रंजने ने 24 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए. इन दोनों के अलावा कप्तान मोनांक पटेल ने 36 रन और श्यान जहांगीर ने 20 रन का योगदान दिया.

इस मैच में नीदरलैंड की ओर से 197 रनों का पीछा करने के लिए माइकल लेविट और मैक्स ओ'डाउड आए. लेविट 3 और ओ 'डाउ 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके बाद एक के बाद एक टीम के लगातार विकेट गिरते रहे. नीदरलैंड के लिए कोई भी बल्लेबाज 25 रनों से अधिक रन नहीं बना पाया.

टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बास डी लीडे ने बनाए. उन्होंने 17 बॉल में 1 चौके और 1 छक्के के साथ 23 रनों की पारी खेली, जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 14 बॉल में 2 चौके के साथ 20 रनों का योगदान दिया. नीदरलैंड के बल्लेबाजों के फ्लॉप प्रदर्शन के चलते टीम को हार मिली.

यूएसए के लिए हरमीत सिंह ने शानदार गेंदबाजी की और सबसे ज्यादा विकेट चटकाए. हरमीत ने 4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट चटकाए. हरमीत के अलावा मोहम्मद मोहसिन और शैडली वैन शल्कविक ने 2-2 विकेट अपने नाम किए, जबकि नोस्तुश केंजीगे को 1 विकेट हासिल हुआ.

## अतीत में अपने व्यवहार की वजह से नुकसान उठाना पड़ा : ईशान कि बदला रवैया बना फैंस और टीम के लिए बड़ी राहत

नई दिल्ली (ए.)। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने नामीबिया के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने केवल 24 गेंदों में 61 रन बनाए, जिसमें जेजे स्मिट के एक ही ओवर में चार छक्के शामिल थे। भारत ने पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिए, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत का पावरप्ले में सर्वोच्च स्कोर साबित हुआ। अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में किशन की यह पारी और भी अहम रही।




मुकाबले के बाद किशन ने अपने बदलावों और परिपक्वता पर खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में उनके व्यवहार की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब उन्होंने अपने रवैये और खेल पर पूरा ध्यान देना शुरू कर दिया है। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने आचरण में बदलाव किया और अब अधिकांश समय बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर फोकस करते हैं। किशन ने बताया कि वह केवल कुछ घंटे हल्के मूड में रहते हैं, बाकी समय पूरी निष्ठा से अपने खेल पर काम करते हैं।

किशन ने यह भी बताया कि अब वह जल्दबाजी से बचने की कोशिश कर रहे हैं और एक-दो रन लेने पर उतना ही ध्यान देते हैं जितना बड़े शॉट खेलने पर।

# प्रेमदासा की पिच पर 'मिस्ट्री स्पिनरों' का दबदबा तय, वरुण चक्रवर्ती और उसमान तारिक पर नजरें




- दोनों टीमों के लिए बनेगा बड़ा फैक्टर

कोलंबो (ए)। टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच प्रेमदासा स्टेडियम में हुए हालिया मुकाबले ने भारत और पाकिस्तान के 'मिस्ट्री स्पिनरों' के हौसले बुलंद कर दिए हैं। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने इस मैच में धीमी गेंदों का शानदार इस्तेमाल करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया। पिच पर गेंद धीमी रहने और बल्लेबाजों को परेशान करने वाली उछाल ने रविवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले का रोमांच और बढ़ा दिया है। ऐसे में यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि भारत के वरुण चक्रवर्ती और पाकिस्तान के अबरार अहमद तथा उसमान तारिक इस पिच पर कितना प्रभाव छोड़ सकते हैं।

वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी पिछले साल आईपीएल के दौरान काफी निखरी है। उनकी 'साइडस्पिन' से 'ओवरस्पिन' में बदलाव और औसतन 95 किमी प्रति घंटे की रफ्तार उन्हें अन्य स्पिनरों से अलग बनाती है। हालांकि प्रेमदासा की यह धीमी पिच उन्हें अपनी गति कम करने के लिए मजबूर कर सकती है। भारत के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी का कहना है कि चक्रवर्ती की सबसे बड़ी ताकत उनकी लेंथ है। उनके खिलाफ इस लेंथ के कारण बल्लेबाज आसानी से पीछे हटकर बड़े शॉट नहीं खेल सकते, और यही बात उन्हें बाबर आज़म जैसे बल्लेबाज़ों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण बनाती है। बाबर पहले भी उनकी गेंदबाज़ी के खिलाफ संघर्ष करते देखे गए हैं और हाल ही में अमेरिका के खिलाफ उनकी हिचकिचाहट भी साफ़ दिखी थी।

पाकिस्तान के पास चक्रवर्ती का जवाब उस्मान तारिक के रूप में हो सकता है। तारिक का 'पॉज एंड स्लिंग' एक्शन पहले ही काफी चर्चा बटोर चुका है और कई लोग उनके एक्शन में श्रीलंका के लसिथ मलिंगा की झलक देखते हैं। पाकिस्तान सुपर लीग में उनकी टीम क्वेटा ग्लैडिएटर्स के मैनेजर नबील हाशमी का कहना है कि तारिक का लो-रिलीज़ एक्शन बल्लेबाज़ों के लिए उन्हें हिट करना बेहद कठिन बना देता है। हाशमी के अनुसार तारिक एक मैच्योर खिलाड़ी हैं, जो बल्लेबाज़ों को बारीकी से पढ़ते हैं और मुश्किल परिस्थितियों में भी नियंत्रण बनाए रखते हैं।

दूसरी ओर, अबरार अहमद को भले ही कम आंका गया हो, लेकिन यह लेग स्पिनर प्रेमदासा की पिच पर खासा खतरनाक साबित हो सकता है। अपनी गुगली और कैरम बॉल के लिए मशहूर अबरार के 49 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेटों में से 34 इन्हीं दो गेंदों के कारण आए हैं। भारतीय बल्लेबाज़ उन्हें पहले भी खेल चुके हैं, लेकिन इस तरह की धीमी और टर्न लेने वाली पिच पर उनकी 'मिस्ट्री' फिर भारी पड़ सकती है। भारत-पाकिस्तान के इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में तेज़ गेंदबाज़ों से ज्यादा स्पिनरों का असर दिखना तय है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि किस टीम के 'मिस्ट्री स्पिनर' बड़े मैच में खेल की दिशा बदलते हैं।

## जय हो समिति द्वारा पुलवामा शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु नगर की जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा भावपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च आजाद चौक मालाखेड़ी से प्रारंभ होकर विश्वकर्मा मंदिर, छोटा चौराहा होते हुए पुन: आजाद चौक पर समापन हुआ। हाथों में मोमबत्तियां एवं मशाल लिए बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थितजनों ने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि देश के वीर जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनका त्याग हम सभी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर सेना के पूर्व जवान सूबेदार दिनेश सिंह चौहान, हवलदार सुरेन्द्र सिंह, हवलदार दुर्गेश राजपूत, हवालदार सुनील बर्दिया, हवालदार बलवंत, सूबेदार रामेश्वर चौहान, धनपाल तोमर, लोकेश तिवारी, महेश चौकसे, सागर शिवहरे, अभय वर्मा, राजेश अत्रे, रामनरेश सिंह चौहान, अमीन राइन, महेश बावरिया, दौलत राम यादव, बंटी यादव,अजय शर्मा, माखन कीर, गोलू राजपूत, प्रज्वल राजपूत, जीतू कीर, फैजान उल हक, गुलाम मुस्तफा, समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय, समिति के समस्त सदस्यगण जतिन यादव, लोकेश बिश्नोई, विशाल बावरिया, अनुराग वर्मा, कामेश नेमा, अजय बावरिया, सौरभ वर्मा, आकाश माझी, राजेश वर्मा, सौरभ वर्मा, कौशिक बावरिया, सागर पटेल, हर्षित पाल, कमलेश मौर्य, पीयूष गुप्ता, शिवम गोस्वामी, सोमू पटेल, अंकित साहू सहित समस्त देशभक्त उपस्थित रहे।

## वीर जवानों की याद में श्रद्धा सुमन अर्पित किए

आज पुलवामा में शहीद हुए देश के वीर जवानों को श्रद्धांसुमन अर्पित करने हेतु ग्राम ब्यावरा में अमर शहीद श्री विजय शंकर दुबे जी के समाधी स्थल पर पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम में विशेष रूप से नर्मदापुरम विधायक डॉ सीताशरण शर्मा पूर्व जिला महामंत्री प्रसन्न हरणे, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, मण्डल महामंत्री हिमाचल सिंह, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती प्रीति चिरगानिया सरपंच अनिल चौरे पाटोदी जनपद सदस्य सोनू चौरे कमलेश चौरे एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के तहत नर्मदा तट पर शुरू हुआ महादेव, महादेवी विवाहोत्सव

**-भगवान भोलेनाथ को दूल्हा के रूप में सजाने का क्रम जारी**
**-नर्मदा तट पर जारी है शिव शिवा नवरात्रि पर्व**
**-महाशिवरात्रि को होगा शिव शक्ति मिलन, उमडेंगे हजारों श्रद्धालु**





**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम। तीर्थ नगरी नर्मदापुरम में धार्मिक आयोजन की श्रंखला में सतरस्ते पर दक्षिणेश्वरी माता महाकाली मंदिर प्रांगण में शिव शिवा नवरात्रि पर्व भक्ति भाव से शुरू हो चुका है। जिस प्रकार मां नर्मदा के तट पर श्रीकाले महादेव सेवा समिति के द्वारा महाशिवरात्री महोत्सव के तहत महाशिवरात्री तक लगातार उज्जैन की तर्ज पर शिव नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। उसी तर्ज पर सतरस्ते पर माता महाकाली मंदिर के श्रद्धालु वधु पक्ष के रूप में माता महाकाली को हल्दी कुमकुम लगाते हुए भजन कीर्तन नृत्य करते हुए इस महोत्सव को मना रहे हैं।

### देवादिदेव महादेव माता पार्वती विवाहोत्सव

नर्मदांचल के प्रसिद्ध श्रीकाले महादेव दरबार में देवादिदेव महादेव माता पार्वती के विवाहोत्सव का आयोजन उल्लास के साथ मनाया जा है। पंचमी से लेकर चतुर्दशी तक शिव नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। जैसा कि शक्ति की उपासना के तहत देवी नवरात्रि मनाई जाती है। उसी प्रकार शिव आराधना के लिए शिव नवरात्रि मनाई जाने की परंपरा उज्जैन के महाकालेश्वर महादेव मंदिर में भी मनाई जाती हैं। उसी तर्ज पर काले महादेव मंदिर में भी यह आयोजन अनेक वर्षों से किया जा जा रहा है। इस दौरान भोले के भक्तों के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। काले महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक, शिवार्चन, हरीहर कीर्तन का आयोजन हो रहा है। शिव नवरात्रि देश के प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंगों के अनुसार यहां भी मनाई जाती है।

### श्रीगणेश पूजन से शुभारंभ

भोलेबाबा को दूल्हा बनाने की तैयारी से पूर्व भगवान गणेश की पूजन की जाती है। इसी के साथ भगवान शिव जी पूजन अर्चन का क्रम शुरू होता है। अभिषेक के साथ ही भगवान शिव का भस्मारती के बाद कालेमहादेव जी का पूजन पंचामृत से अभिषेक, केसर युक्त चंदन से के लेपन से भगवान भोलेनाथ को दूल्हा बनाया जाता है। उन्हें हल्दी चंदन से उबटन कर उनका नित नया मनमोहक श्रंगार किया जाता है। कहते हैं कि भगवान शिव को पूजन में हल्दी नहीं चढ़ाई जाती है। लेकिन इन नौ दिनों में बाबा महाकाल को हल्दी, केशर, चंदन का उबटन सुंगघित इत्र, औषधी, फलों के रस से स्नान करवाया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को नो दिनों तक काले महादेव के अलग अलग रूप में दर्शन होते हैं।

### महादेव का ऐसा होता है श्रंगार

सोला एवं दुपट्टा तथा जलाधारी को मेखला धारण कराया जाता है। इसी के साथ ही कटार, मुकुट ,मुंडमाल, छत्र आदि वस्त्र आभूषण पहनाएं जाते हैं। प्रथम दिन चंदन से श्रंगार किया जाता है। इसी प्रकार अलग-अलग दिन अलग तरह से श्रंगार किया जाता है। शहर ही नहीं क्षेत्र के इस प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। इस उत्सव के तहत मंदिर में विशेष साज सज्जा की जाती है। आकर्षक लाईटिंग की गई है।

### महाशिवरात्रि पर निकलेगी शाही सवारी

काले महादेव मंदिर में लगातार नो दिनों तक भोले बाबा को दूल्हा के रूप में श्रंगार किया जाने के बाद महाशिवरात्रि को मंदिर प्रांगण से उज्जैन की तरह ही भव्य शाही सवारी निकाली जाएगी। जिसमें पूरा शहर जुड़ता है। इसकी तैयारी अभी से शुरू की जा रही है।

### सतरस्ते पर शिव शक्ति मिलन का अद्भुत नजारा

महाशिवरात्र के सुअवसर पर सतरस्ते पर शाही सवारी के पहुंचने पर शंख घडियाल, सहित बैंडबाजे व आतिशबाजी के द्वारा शिवबारात का जोरदार तरीके से स्वागत होता है।

यहां पर माता महाकाली के हाथों से वरमाला लेकर भोलेनाथ को पहनाई जाती है। इस शिव शक्ति मिलन को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं।

# पचमढ़ी, सोहागपुर एवं इटारसी में महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेलों के दौरान लाखों श्रद्धालु करेंगे भगवान भोलेनाथ के दर्शन

**-प्रशासन की व्यापक एवं सतर्क व्यवस्था के बीच जिले में संचालित हो रहे मेले**
**-समस्त अनुविभागीय अधिकारी जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर**

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रमुख मेलों में श्रद्धालुओं की भारी आमद को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पचमढ़ी के महादेव मेला, इटारसी के तिलक सिंदूर मेला तथा सोहागपुर में लगने वाले शिवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार तीनों मेला स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगमता और आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह तैनात है।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरंतर मेला स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से दर्शन लाभ मिल सके। दुकानों का आवंटन व्यवस्थित लेआउट के आधार पर किया गया है। यातायात विभाग एवं आरटीओ द्वारा पार्किंग स्थल चिन्हित कर वाहनों की आवाजाही हेतु पृथक रूट तय किए गए हैं, जिससे यातायात सुचारू बना रहे।तीनों स्थानों पर पृथक कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लगाकर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। साथ ही एंबुलेंस को भी तैनात किया गया है। जिससे मरीजो को शीघ्र ही उपचार हेतु नजदीकी उपचार केन्द्र पहुंचाया जा सके। आपात स्थिति से निपटने हेतु प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। होमगार्ड तथा आपदा प्रबंधन की टीमें तैनात रहकर सतत निगरानी कर रही हैं। सभी स्थानों पर अग्निशमन वाहनों को भी तैनात किया गया है।महादेव मेले में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं पिपरिया एसडीएम आकिप खान द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है तथा किसी भी समस्या पर त्वरित समाधान किया जा रहा है।इसी प्रकार इटारसी में एसडीएम निलेश शर्मा द्वारा तिलक सिंदूर मेले का लगातार भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। सोहागपुर में एसडीएम प्रियंका भलावी ने एसडीओ पुलिस के साथ संयुक्त निरीक्षण कर नगर पालिका अमले एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी को जिले में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला स्थलों के समीप अग्निशमन वाहन और मेडिकल टीम तैनात रखे जाने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रमुख शिवालयों एवं मंदिरों श्रद्धालुओं की भारी आमद को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभायात्रा, चल समारोह और जुलूस के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह बनी रहे।



## रेत का ओवरलोड परिवहन करते 08 डम्पर एवं मिट्टी अवैध परिवहन करते 02 डम्पर जप्त

**जिला प्रशासन की कड़ी कार्यवाही जारी**



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन/परिवहन/ भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा शुक्रवार को ग्राम-जासलपुर, तह0-नर्मदापुरम से 01 ट्रक क्रमांक MP09GG2643 को रेत का ओवरलोड परिवहन करते, मोहासा औद्योगिक क्षेत्र से 02 डम्पर क्रमांक-MP16H1782 एवं MP37G2555 को मिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करते जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय प्रांगण नर्मदापुरम में सुरक्षार्थ खड़े किये गये हैं। तहसील इटारसी में रेत के 07 ओवरलोड डम्पर क्रमश: क्रमांक RJ09GE2297,MP12H4646,MP12ZF6774, MP47H7707, MP47ZC5783, MP09BG0542 एवं RJ09GE6453 को जप्त कर कृषि उपज मण्डी परिसर इटारसी एवं थाना परिसर रामपुर गुर्रा में सुरक्षार्थ खड़े किये गये हैं। उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी निलेश शर्मा,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम जय सोलंकी, तहसीलदार इटारसी श्रीमती सुनिता साहनी, जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम पिंकी चौहान, प्र0 खनि निरीक्षक नर्मदापुरम कृष्णकांत सिंह परस्ते, सिपाही हेमन्त राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## बवासीर, भगंदर आदि रोगों का आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 16 फ़रवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग की नीति अनुसार जन सामान्य के स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अर्श (बवासीर), भगंदर ( Fistula), परिकार्तिका ( Fissure) एवं अन्य गुदगत रोगों का परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया जाएगा इन में से चयनित रोगियों को क्षारसूत्र पद्धति से सर्जरी 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान भोपाल में की जाएगी! इस शिविर में भोपाल से वरिष्ठ व अनुभवी आयुर्वेद शल्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उपचार प्रदान किया जाएगा। शिविर शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नर्मदापुरम में आई. टी. आई. के सामने व पशु चिकित्सालय के पीछे दिनांक 16 फ़रवरी 2026 को समय प्रात: 10:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा जिन लोगों को ऐसी कोई भी समस्या है अथवा लंबे समय से पेट साफ़ ठीक से नहीं होता वे शिविर में पहुंचकर जाँच करा लें एवं आवश्यक उपचार का लाभ प्राप्त करें। जिला आयुष अधिकारी डॉ एस. आर. करोंजिया के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी डॉ ए.के. पुष्कर एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ सविता पुष्कर के समन्वय से यह शिविर लगाया जा रहा है!

# 20 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कराया पंजीयन : मंत्री श्री राजपूत

नर्मदापुरम (निप्र)। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक 20 हजार 98 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन अवश्य करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अभी तक इंदौर संभाग में 4084, उज्जैन में 9524, ग्वालियर में 476, चम्बल में 123, जबलपुर में 788, नर्मदापुरम में 900, भोपाल में 3602, रीवा में 68, शहडोल में 83 और सागर में 450 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था

पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है।

### किसानों को करें एसएमएस

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित कराने तथा समिति/ मंडी स्तर पर बैनर लगवाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## राज्य निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस समारोह 16 फरवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का 32वां स्थापना दिवस समारोह 16 फरवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ओ.पी. रावत होंगे। श्री रावत वन नेशन-वन इलेक्शन में स्थानीय निर्वाचन की भूमिका विषय पर व्याख्यान देंगे।पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त आर परशुराम स्थानीय निर्वाचन में सुधार की चुनौतियाँ विषय पर उद्बोधन देंगे।

## 18 फरवरी को आयोजित होगी संभागीय समीक्षा बैठक

नर्मदापुरम (निप्र)। संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा 18 फरवरी 2026 बुधवार को प्रात: 10:30 बजे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विभाग, खादी ग्रामोद्योग एवं कुटीर विभाग, रेशम विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, की संभागीय समीक्षा बैठक ली जावेगी। बैठक में उक्त विभागों के संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होनें के लिए निदेर्शित किया गया है।

# भाषणकला बच्चों का खेल नहीं, इस उक्ति को द चैम्प्स फन स्कूल के बच्चों ने किया खारिज

नर्मदापुरम (निप्र)। पिछले तीन दिनों से जारी भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी बच्चों ने मंच पर आकर भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के रामायण हॉल में दो दिवसीय पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन स्कूल के रामायण हॉल में दिनांक 13 एवं 14 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

13 फरवरी को प्री-प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों का फाइनल राउंड आयोजित किया गया। वहीं 14 फरवरी को प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों का फाइनल राउंड तथा एक्सटेम्पोरे प्रतियोगिता का प्रथम एवं अंतिम चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्री-प्राइमरी फाइनल विजेताओं, प्राइमरी फाइनल विजेताओं तथा प्राइमरी वर्ग के एक्सटेम्पोरे प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों आर.के. गुप्ता ( एडिशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर), डॉ हंसा व्यास (सेवानिवृत्त प्राध्यापक), राजेश शर्मा (प्राचार्य, एस.पी.एम स्कूल ), डॉ. जयश्री निमजे (अस्सिटेंट प्रोफेसर, मैथमेटिक डिपार्टमेंट, नर्मदा महाविद्यालय) ने पुरस्कार वितरण किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती विजया जैन, श्रीमती शीतल कंकाले एवं श्रीमती महेंद्र कौर रहीं। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में बच्चों एवं अभिभावकों को जीवन में आगे बढ़ने, निरंतर प्रयास करते रहने तथा सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। इन्होंने कहा कि हमें बच्चों से जीवन जीना सीखना चाहिए, अन्य ने अभिभावकों को बच्चों को डांटने के बजाय प्रोत्साहित करने की सलाह दी। सभी ने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया।

विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी एवं प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए। पूर्व में अपने संबोधन में प्राचार्य ने अभिभावकों का स्वागत किया तथा बच्चों को जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रतिभागिता की।

कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री मनीषा तोमर, सुश्री प्रिया निगम, सुश्री ऋचा सोनी एवं सुश्री प्रियंका खत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती स्नेहा राजपूत एवं सुश्री खुशी पटेल रहीं। इस अवसर पर अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और तालियों की गूंज के साथ हुआ।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*